रजिस्ट्री संख्या डी एल-33001/92

REGISTERED NO. DL-33001/92



सचिवालय ग्रन्थागार

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 39 नई दिल्ली, शनिवार, सितम्बर 26, 1992 (आश्विन 4, 1914)

No. 39] NEW DELHI, SATURDAY, SEPTEMBER 26, 1992 (ASVINA 4, 1914)

(इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके)

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय सूची

	पृष्ठ
भाग I—खण्ड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं	753
भाग I—खण्ड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं . .	1013
भाग I—खण्ड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं . .	13
भाग I—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं . .	1665
भाग II—खण्ड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	*
भाग II—खण्ड 1-क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ	*
भाग II—खण्ड 2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट .	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं) .	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं .	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं)	*
भाग II—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश .	*
भाग III—खण्ड 1—उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखा परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं .	969
भाग III—खण्ड 2—पेटेन्ट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टों और डिजाइनों से संबंधित अधिसूचनाएं और नोटिस .	1157
भाग III—खण्ड 3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	*
भाग III—खण्ड 4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं	3283
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस	151
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दर्शाने वाला अनुपूरक	*

*आंकड़े प्राप्त नहीं।

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	753
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	1013
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence . .	13
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	1665
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1-A—Authoritative texts in Hindi Language of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills . .	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (i)—General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws, etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India, (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) .	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) ·	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, Published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India (of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of Government of India (including the Ministry of Defence) and by General Authorities (other than Administration of Union Territories) . .	*
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence .	*
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India . .	969
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs	1157
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	*
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	3283
PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies ·	151
PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi .	*

Folio Nos. not Received.

भाग I—खण्ड 1

[PART I—SECTION 1]

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 12 सितम्बर 1992

सं० 108-प्रेज/92—राष्ट्रपति सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद :

श्री सत्य नारायण साहा,
नायक,
127वी बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

दिनांक 19 जनवरी, 1991 को करीब 14.30 बजे चीनी मिल, ज़ीरा स्थित सीमा सुरक्षा बल की 127वी बटालियन की "बी" कम्पनी को ज़ीरा के पुलिस अधीक्षक द्वारा गांव निहालके थाना मारू जिला फिरोजपुर के निकट संयुक्त छानबीन/तलाशी अभियान चलाने के लिए बुलाया गया । कम्पनी जैसे ही अभियान चलाने के स्थान के निकट पहुंची तो सीमा सुरक्षा बल के दल पर दो फार्म हाउसों से भीषण गोलीबारी होनी आरम्भ हो गई । नायक सत्य नारायण साहा उनमें से एक तलाशी दल का सदस्य था । फार्म हाउस के प्रवेश द्वार के निकट पहुंचने के उद्देश्य से और सामने की ओर से हो रही तीव्र गोलीबारी के बावजूद, नायक साहा उनमें से एक आतंकवादी को बड़ी हिम्मत के साथ पार करने में सफल हो गए जो अपनी स्वचालित राइफल से तलाशी दल पर अत्याधिक गोलीबारी कर रहा था । गोलीबारी की उग्रता इतनी अधिक थी कि पूरे खोजी दल को जमीन पर मोर्चा लेना पड़ा । उग्रवादियों की गोलीबारी को निष्प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न दिशाओं में तीन हल्की मशीनगन लगाई गई ताकि बढ़ते हुए तलाशी दल को रक्षक गोलीबारी प्रदान की जा सके ।

अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बिना नायक साहा उग्रवादी पर झपटे और उससे उसकी राइफल छीन लेने के इरादे से उन्होंने राइफल की बैरल को कस कर पकड़ लिया जिसके कारण नायक साहा की दोनों हथेलियों में घाव हो गए । छीना-झपटी के दौरान नायक साहा को उनके बाएं हाथ में कोहनी के ऊपर एक गोली लगने से घाव हो गया । तेजी से खून बहने और हाथों में खरोंचें लगने के बावजूद भी नायक साहा ने उग्रवादी के गुप्तांग पर अपने जूते की एड़ी से चोट की और उससे ए० के० 47 राइफल छीन ली । एक उप-निरीक्षक, जो तलाशी दल को सुरक्षा प्रदान करने के लिए गोलीबारी कर रहा था, ने उस आतंकवादी को घटना-स्थल पर मार डाला ।

नायक साहा जो मुठभेड़ के दौरान घायल हो चुका था, फार्म हाउस के अन्दर फंस गया था, जिसे अन्य तलाशी दलों द्वारा बाहर लाया गया और प्राथमिक उपचार के बाद उसे हस्पताल ले जाया गया ।

इसी बीच निहालके गांव के समीप जाड़े का व्यायाम करते हुए सैनिकों के एक समूह पर एक अन्य उग्रवादी दल ने गोलीबारी की । सैनिकों द्वारा जवाब में गोलीबारी की गई । तत्पश्चात् ज़ीरा के पुलिस अधीक्षक पुलिस दल सहित वहां भी पहुंच गए । 2.30 बजे (अपराह्न) तक दोनों ओर से गोलियां चलनी जारी रहीं । उसके बाद इलाके की तलाशी ली गई तथा आठ उग्रवादियों के शव बरामद हुए । गोलीबारी के आदान-प्रदान के दौरान एक 12 वर्षीय बालिका भी मारी गई । तलाशी के दौरान मुठभेड़ स्थल से बड़ी मात्रा में शस्त्र और गोला-बारूद बरामद किए गए ।

इस मुठभेड़ में श्री सत्य नारायण साहा, नायक ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 19 जनवरी, 1991 से दिया जाएगा ।

ए० के० उपाध्याय, निदेशक

सं० 109-प्रेज/92—राष्ट्रपति सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद :

श्री महावीर ओरांव,
कांस्टेबल,
26वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

25 अगस्त, 1991 को सीमा सुरक्षा बल और पंजाब पुलिस कार्मिकों द्वारा संगरूर-पटरन रोड पर गांव खेरी के नजदीक पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र फार्म के क्षेत्र में एक संयुक्त घेराबन्दी और तलाशी अभियान चलाया गया । अनुसंधान केन्द्र कार्यालय परिसर और रिहायशी मकान लगभग 50 एकड़ भूमि में लगी गन्ने, मक्का, कपास और अरहर इत्यादि की ऊंची फसलों से घिरे हुए थे । इस प्रकार यह आतंकवादियों के छिपने के लिए बहुत उत्तम स्थान था । पुलिस प्राधिकारियों को संदेह था कि यह फार्म आतंकवादियों के एक गिरोह का छिपने का अड्डा है, जिन्होंने मनमानी हत्याएं करके इस क्षेत्र में आतंक फैलाया हुआ था ।

तलाशी अभियान 5 बजे शुरू हुआ । कार्यालय परिसर की तलाशी पूरी हो जाने के बाद सीमा सुरक्षा बल का दल रिहायशी मकानों की बिल्कुल एक किनारे से तलाशी लेने के लिए आगे बढ़ा । जब दल चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के रिहायशी मकानों के नजदीक पहुंचा तो उन पर एक मकान से स्वचालित हथियारों से गोलीबारी की गयी । तथापि बल द्वारा बहुत निपुणता से कार्य करने के परिणामस्वरूप कोई भी जख्मी नहीं हुआ । दल ने तत्काल मकान को घेर लिया और मोर्चा संभाला । इसी बीच उग्रवादी मकान के पिछवाड़े की खिड़की से कूद कर पास के गन्ने के खेत में भाग निकले । दल ने 6 आतंकवादियों को गन्ने के खेत में भागते हुए देखा । खेत की एक तरफ से सीमा सुरक्षा बल ने और दूसरी तरफ से पुलिस दल ने घेर लिया । आतंकवादियों ने सीमा सुरक्षा बल की पार्टी पर गोलियां चलानी शुरू कर दी और 'गोली चलाओ और भागो' की रणनीति अपना कर गन्ने के दूसरे खेत में भागने की कोशिश करने लगे । सीमा सुरक्षा बल ने भारी गोलीबारी करके आतंकवादियों को उलझाया और उन्हें गन्ने के उसी खेत में रहने पर मजबूर कर दिया । चूंकि वहां कोई आड़ नहीं थी इसलिए सीमा सुरक्षा बल के कार्मिकों को खुले मैदान में मोर्चा संभालना पड़ा । कांस्टेबल महावीर ओरांव ने गन्ने के खेतों के बीच की पगडण्डी में मोर्चा संभाला ताकि गोलीबारी और निगरानी की दृष्टि से वे उस क्षेत्र को काबू में रख सकें तथा आतंकवादियों को अन्य खेतों में जाने से रोक सकें । कांस्टेबल ओरांव गन्ने के खेतों में और पगडण्डी के साथ-साथ गोली चलाते रहे और उन्होंने आतंकवादियों को उसी खेत में रहने पर मजबूर कर दिया । दोनों तरफ से हो रही इस भयंकर गोलीबारी के दौरान आतंकवादी द्वारा चलायी गयी एक गोली कांस्टेबल ओरांव के स्टील हेलमेट को पार करती हुई उनके सिर पर लगी । गोली लगने से जख्मी होने के बावजूद श्री ओरांव आतंकवादियों पर गोली चलाते रहे और एक आतंकवादी को जख्मी करने में कामयाब हो गए जिसकी बाद में काफी खून बहने से मृत्यु हो गयी । यह आतंकवादी दूसरे खेत में जाने की कोशिश कर रहा था । श्री ओरांव आतंकवादियों पर गोली चलाते रहे । उन्हें अन्य खेतों में भाग निकलने से रोका । उसके बाद उन्हें सिविल अस्पताल संगरूर ले जाया गया ।

इसी बीच वायरलैस से जिला मुख्यालय को कुमुक भेजने के लिए संदेश भेजा गया । कुछ समय बाद घटना-स्थल पर कुमुक पहुंच गई और घेरे-बंदी को और मजबूत किया गया । दोनों तरफ से तीन घंटे से अधिक समय तक गोलीबारी होती रही । इस मुठभेड़ में कुल मिलाकर 6 आतंकवादी मारे गए । उनमें से बाद में पांच की शिनाख्त बलबीर सिंह उर्फ बाबा, गुरजा सिंह, अमरीक सिंह, पियारा सिंह, सिंगारा सिंह, करमजीत सिंह के रूप में की गयी । तथापि उनमें से एक की शिनाख्त नहीं की जा सकी । तलाशी के दौरान मुठभेड़ के स्थान से एक ए० के० 47 राइफल, एक 7.62 एम० एम० एस० एल० आर०, दो .315 बोर की राइफलें, एक .401 राइफल, दो .38 बोर की रिवाल्वर और बड़ी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किया गया ।

इस मुठभेड़ में श्री महावीर सिंह ओरांव, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 25 अगस्त, 1991 से दिया जाएगा ।

ए० के० उपाध्याय, निदेशक

सं० 110-प्रेज/92—राष्ट्रपति सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद :

श्री प्रमोद कुमार,
सहायक कमांडेंट,
143वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

6 अगस्त, 1991 को बुधलादा के पुलिस प्राधिकारियों ने सीमा सुरक्षा बल 143वीं बटालियन के सहायक कमांडेंट श्री प्रमोद कुमार को सूचित किया कि उनकी कम्पनी की पुलिस थाना बोहा के गांव सैदवाला में उग्रवादियों की आपराधिक गतिविधियों का मुकाबला करने के लिए तत्काल आवश्यकता है । बिना कोई समय खोए श्री प्रमोद कुमार अपने दल सहित तुरंत घटनास्थल की ओर रवाना हुए । वहां पहुंचने पर उन्हें बताया गया कि उग्रवादी एक मकान में छिपे हुए हैं । श्री प्रमोद कुमार ने स्थिति का जायजा

लिया और उग्रवादियों को बाहर निकालने के लिए एक युक्तिपूर्ण कार्य योजना बनाई । चूंकि मकान पर घेरा डाला जा रहा था इसलिए उग्रवादियों ने उक्त मकान से गोली चलानी शुरू कर दी । पुलिस/सी० सु० ब० के कार्मिकों ने अपने बचाव में जवाबी गोली चलाई ।

श्री प्रमोद कुमार गोलीबारी के दौरान रेंगते हुए मकान की ओर गए तथा उन्होंने हथगोले फैंके । इस पर उग्रवादी अगले कमरे में चले गए जोकि स्टोर रूम था । अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए श्री प्रमोद कुमार मकान की छत पर चढ़ गए और उसमें से रास्ता बनाने के लिए उन्होंने दीवार के एक भाग को तोड़ना शुरू कर दिया । यह देखते हुए कि श्री प्रमोद कुमार खतरे का सामना बड़ी बहादुरी से कर रहे हैं उनके दल के कार्मिक आगे बढ़े तथा छत पर चढ़ गए । उन्होंने दीवार के एक हिस्से को तोड़ गिराया तथा उसमें कुछ सुराख बनाए । जब श्री प्रमोद कुमार एक सुराख से हथगोला फैंक रहे थे तो उग्रवादियों ने उस सुराख से गोलियों की एक बौछार की और एक गोली से श्री प्रमोद कुमार का दायां हाथ आंशिक रूप से जख्मी हो गया । घायल होने के बावजूद उन्होंने हथगोले फैंकना जारी रखा जिसके कारण स्टोर रूम के अन्दर विस्फोट हुए । पूरा कमरा धुएं से भर गया। और अधिकारी केवल उग्रवादियों की चिल्लाहट सुन रहे थे । श्री प्रमोद कुमार के साहसी कार्य को देखने के बाद अन्य इकाई के आदमियों ने भी हथगोले फैंके और स्टोर रूम के अन्दर आक्रामक से गोलियां चलाई । कुछ समय के बाद उग्रवादियों की ओर से गोली चलनी बन्द हो गई । तलाशी के दौरान उग्रवादियों के दो शव बरामद हुए जिनकी बाद में गुरमेज सिंह उर्फ गेंजा तथा सतनाम सिंह के रूप में शिनाख्त की गई । तलाशी के दौरान मुठभेड़ वाले स्थान से एक ए० के० 56 राइफल, एक ए० के० 74 राइफल, एक .12 बोर डी० बी० बी० एल कट बैरल गन, एक .12 बोर गन बट ग्रुप तथा बड़ी मात्रा में सक्रिय/खाली कारतूस बरामद हुए ।

इस मुठभेड़ में श्री प्रमोद कुमार, सहायक कमांडेंट ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 6 अगस्त, 1991 से दिया जाएगा ।

ए० के० उपाध्याय, निदेशक

सं० 111-प्रेज/92—राष्ट्रपति सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद :

श्री गुरमीत सिंह (मरणोपरान्त)
लांस नायक,
132वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

26 मई, 1991 को लगभग 13.15 बजे सीमा सुरक्षा बल की 124वीं बटालियन का एक गश्ती दल कूपवाड़ा-कालारश रोड पर उग्रवादियों द्वारा लगाई गई घात में फंस गया । घात वाले स्थान पर दोनों ओर से खड़ी पहाड़ी थी जिसमें घना जंगल था । इससे आतंकवादियों को सामरिक के बेहतर स्थान का फायदा मिला । घात में आठ जवान घायल हुए । चूंकि सीमा सुरक्षा बल की 124वीं बटालियन की मुख्यालय बटालियन घात वाले स्थान से बहुत दूर थी, इसलिए 132वीं बटालियन की मुख्यालय बटालियन को कुमुक भेजने के लिए अनुरोध किया गया ।

लगभग 14.00 बजे 132वीं बटालियन की एक कम्पनी के साथ (लांस नायक गुरमीत सिंह सहित) यूनिट चिकित्सा अधिकारी सुरंत घटनास्थल की ओर रवाना हुए । जब यह दल घात लगाने के स्थान के नजदीक पहुंचा तो उन पर भी आतंकवादियों ने भारी गोली-बारी शुरू कर दी । ये आतंकवादी घात स्थल की ओर जाने वाली रोड पर पहले से छिपे हुए थे । इस प्रकार निकटवर्ती पहाड़ी क्षेत्रों से उग्रवादियों को बाहर निकालना आवश्यक हो गया था ।

लांस नायक गुरमीत सिंह को कहा गया कि वे अपनी कमान वाली टुकड़ी के साथ निकटवर्ती पहाड़ी से उग्रवादियों का सफाया करें । यद्यपि उग्रवादी पहाड़ी की चोटी पर सामरिक महत्व की लाभप्रद स्थिति संभाले हुए थे तथा उनकी ओर आ रहे सीमा सुरक्षा बल के कार्मिकों पर अंधाधुंध गोलियां चला रहे थे, परन्तु अपनी जान को निश्चित खतरा महसूस होते हुए भी लांस नायक गुरमीत सिंह ने अनुकरणीय साहस और असमान्य प्रकार का नेतृत्व दिखाया । वे अपने आदमियों को आगे की ओर ले गए तथा स्वयं उग्रवादियों की ओर बढ़कर उन्होंने अपने कार्मिकों की सहायता की । उग्रवादियों पर गोली चलाते हुए सीमा सुरक्षा बल की टुकड़ी पहाड़ी की चोटी की ओर बढ़ती रही । उग्रवादियों के भारी गोली बारी करने के बावजूद अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बगैर उग्रवादियो को ललकारते हुए लांस नायक गुरमीत सिंह अपनी टुकड़ी का नेतृत्व करते हुए आगे बढ़े । उन्होंने अपने आदमियों को प्रेरणा दी तथा उन्हें अंतिम क्षण तक डटे रहने के लिए साहस दिलाया ।

इस कार्यवाही में उनकी टुकड़ी के तीन जवान जख्मी हो गए तथा सीने में गोली लगने से वे स्वयं भी जख्मी हो गए । अपने जख्मी होने की परवाह न करते हुए उग्रवादियों से लगातार मिल रही धमकी के कारण लांस नायक

गुरमीत सिंह ने धैर्य बनाए रखा तथा उच्च कोटि की असाधारण कर्तव्यपरायणता दिखाकर अपने आदमियों को उग्रवादियों पर हमला करने के लिए साहस दिलाया । इस प्रक्रिया में जख्मों के कारण उनकी मृत्यु हो गई तथा उग्रवादियों से मुकाबला करने में उन्होंने अपनी जान दे दी। उनके द्वारा किए गए प्रयास बेकार नहीं गए, सीमा सुरक्षा बल के दृढ़ निश्चय को देखकर उग्रवादी भाग गए और सीमा सुरक्षा बल की टुकड़ी ने पहाड़ी पर अपना दबदबा बनाए रखा जो उस क्षेत्र में उग्रवाद को रोकने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम था ।

इस मुठभेड़ में श्री गुरमीत सिंह, लांस नायक ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 26 मई, 1991 से दिया जाएगा ।

ए० के० उपाध्याय, निदेशक

सं० 112-प्रेज/92—राष्ट्रपति पंजाब पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद :

श्री नरिन्दर पाल सिंह,
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,
तरन तारन ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

2-9-1991 को लगभग 12.20 बजे अपराह्न पुलिस वर्दी में लगभग 10 उग्रवादियों का एक दल गांव लाहुका, थाना पट्टी के कामरेड गुरनाम सिंह के घर पर आया । उग्रवादियों ने कहा कि वे पुलिस स्टेशन भिखीविन्ड से कामरेड गुरनाम सिंह के सशस्त्र गार्डों द्वारा रखे गए शस्त्रों और गोला-बारूद का निरीक्षण करने आए हैं । उन्होंने गार्डों से उनकी राइफलें और गोला-बारूद और वाकी-टाकी सेट ले लिए । शस्त्र और गोलाबारूद लेने के बाद उग्रवादियों ने कामरेड स्वर्ण सिंह का अपहरण कर लिया और भाग गए ।

इस घटना के बाद गार्डों ने तत्काल श्री सुखदेव सिंह बरार, पुलिस उप-अधीक्षक, पट्टी को सूचित किया। वे तुरन्त घटनास्थल पर पहुंचे । वहां पहुंचने पर उन्हें पता लगा कि उग्रवादी बंदी को साथ लेकर गांव जौरा की तरफ चले गये हैं । श्री बरार ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, तरन तारन, नजदीक के पुलिस स्टेशनों और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की चौकियों को संदेश भेजे । श्री बरार ने विभिन्न पुलिस दलों को तैनात करके सभी दिशाओं से गांव जौरा को घेर लिया । उसके बाद उन्हें सूचना मिली कि उग्रवादियों को गांव दियाल राजपूतान की तरफ जाते हुए देखा गया । तद्नुसार श्री बरार ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों को वायरलैस से संदेश भेजा और तेजी से गांव दियाल राजपूतान की ओर बढ़े । पुलिस/केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के वाहनों को गति-विधियां देखते हुए उग्रवादियों ने अपने वाहन छोड़ दिए और नजदीक के गन्ने के खेतों में मोर्चा सम्भाला ।

इस समय तक, श्री नरिन्द्र पाल सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, तरन तारन बल के साथ वहां पहुंचे और अभियान का नेतृत्व किया । जब तलाशी ली जा रही थी तो गन्ने के खेतों में छिपे आतंकवादियों ने पुलिस दलों पर गोलियां चलाईं । पुलिस बलों ने भी जवाब में गोलियां चलाईं । श्री एन० पी० सिंह के निर्देशों पर गन्ने के खेतों में हथगोले फैंके गए । श्री खुदी राम, पुलिस अधीक्षक आपरेशन तरन तारन ने स्वयं गन्ने के खेतों में हथगोले फैंके । हथगोलों के दवाब और पुलिस दलों द्वारा भारी गोलीबारी के कारण उग्रवादी अपहृत कामरेड स्वर्ण सिंह को पकड़े नहीं रख सके । अवसर पाकर कामरेड स्वर्ण सिंह गन्ने के खेतों से बाहर आ गए और सुरक्षा बलों के सामने प्रस्तुत हो गए । इस प्रकार से श्री खुदी राम नुकसान पहुंचाए बिना अपहृत व्यक्ति को छुड़ाने में कामयाब हो गए । कामरेड स्वर्ण सिंह ने खेतों में उग्रवादियों की उपस्थिति के बारे में महत्वपूर्ण सूचना दी । आतंकवादी पुलिस कार्मिकों पर अंधाधुंध गोलियां चलाते रहे । पुलिस दलों ने जबाब में प्रभावी ढंग से गोलीबारी की । गोलीबारी 7.30 बजे अपराह्न तक होती रही । उसके बाद श्री एन० पी० सिंह ने बढ़ते हुए अंधेरे को देखते हुए तथा जीवन हानि से बचने के लिए तलाशी बंद करने और घेराबंदी सख्त करने का निर्णय लिया ।

3-9-1991 को लगभग 3.45 बजे अपराह्न फंसे हुए आतंकवादियों ने भागने की कोशिश में सुरक्षा कार्मिकों की तरफ अंधाधुंध गोलियां चलायीं, जो नहर की तरफ से घेरा डाले हुए थे । उग्रवादियों ने अपने आपको 3-4 ग्रुपों में विभाजित किया । एक उग्रवादी भागने की भरसक कोशिश में, पुलिस कार्मिकों पर गोली चलाता रहा ताकि घेराबन्दी टूट जाए, लेकिन निरीक्षक सूबा सिंह ने बहुत ही निपुणता से उसे मार डाला ।

3-9-1991 को लगभग 6.30 बजे अपराह्न श्री एन० पी० सिंह के निदेश और पर्यवेक्षण में पुलिस और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल कार्मिकों ने एक संयुक्त तलाशी अभियान चलाया । श्री एन० पी० सिंह ने अपने गनमैनों के साथ स्वयं इस तलाशी अभियान का नेतृत्व किया और स्वयं इस मोर्चे में आगे थे । इससे पूरे बल का मनोबल बढ़ा और वे इस युद्ध जैसी स्थिति में पूरे उत्साह और शक्ति से स्वतः ही कूद पड़े । इस प्रक्रिया में धान के एक खेत को साफ किया गया क्योंकि वहां कोई विरोध

नहीं था । जब पास के धान के खेत की उत्तर पश्चिमी किनारे से तलाशी की जा रही थी तो उग्रवादियों ने श्री एन० पी० सिंह के नेतृत्व वाले पर गोलियां चलाई इस गोलाबारी में कांस्टेबल जसबीर सिंह, जो श्री एन० जी० सिंह के साथ-साथ आगे बढ़ रहे थे का बायां कन्धा गोली लगने से जख्मी हो गया । श्री एन० के० सिंह गोली लगने से बाल-बाल बचे, इसके बावजूद वे बल का नेतृत्व करते रहे । श्री सिंह ने पूरी सूझबूझ और पिछले अनुभव के आधार पर अपने शस्त्र से उस दिशा में गोली चलाई उनके द्वारा चलाई गई गोली उग्रवादी को लगी, जो मरते समय चिल्लाया । इसी बीच श्री एन० पी० सिंह को दूसरे उग्रवादी की गतिविधियां दिखाई दी, उन्होंने उस दिशा में गोली चलाई और दूसरे उग्रवादी को मार डाला । उसके बाद धान के दूसरे खेत को साफ करने में कोई विरोध नहीं हुआ । उसके बाद तलाशी अभियान बंद कर दिया गया और संदिग्ध क्षेत्र के चारों तरफ पुनः सख्त घेरा डाला गया और 24 घंटे से अधिक समय तक चले इस गम्भीर और गहन अभियान में पुलिस कार्मिक बिना भोजन के रहे ।

अगले दिन प्रातः अर्थात्, 4 सितम्बर, 1991 को गन्ने और धान के खेतों में पुनः तलाशी शुरू की गई । श्री खूबी राम, पुलिस अधीक्षक (प्रजालन के नेतृत्व वाले खोजबीन दल पर, जिसमें श्री परम दीप सिंह, पुलिस उपाधीक्षक, और गोविन्द तथा अन्य शामिल थे, उग्रवादियों ने गोलियां चलाई । वे जमीन पर लेटकर खिसकते हुए आगे बढ़े । अंततः वे एक उग्रवादी को मारने में सफल हो गए । उसके बाद, तीन दलों ने, जिनका नेतृत्व क्रमशः उप निरीक्षक राम नाथ, श्री एस० एस० बरार, पुलिस उप-अधीक्षक श्री खूबी राम कर रहे थे, उस दिशा में बढ़ना शुरू किया जहां से उग्रवादी गोलियां चला रहे थे । गन्ने के खेतों में छिपे हुए उग्रवादियों को संभावित स्थिति का पता लगाने के बाद, सर्व श्री राम नाथ, सुखदेव सिंह बरार और खूबीराम रेंगते हुए, उनके छिपने के स्थान की तरफ बढ़े और वे तीनों एक-एक उग्रवादी को मारने में कामयाब हुए ।

उग्रवादियों के खिलाफ 51 घन्टे लम्बे इस अभियान में, कुल सात उग्रवादी मारे गए, जिनमें से बाद में गांव की शिनाख्त (1) सतनाम सिंह उर्फ सन्ता (2) अवतार सिंह ऊर्फ बिल्ला (3) दिलबाग सिंह (4) मेजर सिंह उर्फ घुक और (5) सुखबिन्दर सिंह उर्फ काला के रूप में की गई । खोजबीन के दौरान मुठभेड़ के स्थान से एक एस० एल० आर०, एक 7.62 बोर की राईफल, .303 की 8 राईफलें, एक बाकी टाकी सैट और बड़ी मात्रा में खाली/सक्रिय कारतूस बरामद किए गए ।

इस मुठभेड़ में श्री नरेन्दर पाल सिंह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणत का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी सिफारिश 2 सितम्बर, 1991 से दिया जाएगा ।

ए० के० उपाध्याय,
निदेशक

सं० 113-प्रेज/92—राष्ट्रपति, पंजाब पुलिस के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद :

श्री सूबा सिंह,
पुलिस निरीक्षक,
एस० एच० ओ०,
थाना सदाला ।

श्री जसबीर सिंह,
कांस्टेबल,
प्रथम कमान्डो बटालियन,
पी० ए० सी० ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

2 सितम्बर, 1991 को लगभग 12.20 बजे अपराह्न पुलिस वर्दी में लगभग 10 उग्रवादियों का एक दल गांव लाहुका, थाना पट्टी के कामरेड गुरनाम सिंह के घर पर आया । उग्रवादियों ने कहा कि वे पुलिस स्टेशन भिखीविन्ड से कामरेड गुरनाम सिंह के सशस्त्र गार्डों द्वारा रखे गये शस्त्रों और गोलाबारूद का निरीक्षण करने आए हैं । उन्होंने गार्डों से उनकी राईफलें और गोलाबारूद और बाकी-टाकी सेट ले लिए । शस्त्र और गोलाबारूद लेने के बाद उग्रवादियों ने कामरेड स्वर्ण सिंह का अपहरण कर लिया और भाग गए ।

इस घटना के बाद गार्डों ने तत्काल श्री सुखदेव सिंह बशर, पुलिस उप-अधीक्षक, पट्टी को सूचित किया । वे तुरन्त घटनास्थल पर पहुंचे । वहां पहुंचने पर उन्हें पता चला कि उग्रवादी बंदी को साथ लेकर गाँव जौरा की तरफ चले गए हैं । श्री बरार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, तरन-तारन नजदीक के पुलिस स्टेशनों और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की चौकियों को संदेश भेजे । श्री बरार ने विभिन्न पुलिस दलों को तैनात करके सभी दिशाओं से गांव जौरा को घेर लिया । उसके बाद उन्हें सूचना मिली कि उग्रवादियों को गांव दियाल राजपुतान की तरफ जाते हुए देखा गया । तदनुसार श्री बशर ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों को वायरलेस से संदेश भेजा और तेजी से गांव दियाल राजपुताना की ओर बढ़े । पुलिस/केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के वाहनों की गतिविधियाँ रखते हुए उग्रवादियों ने अपने वाहन छोड़ दिये और नजदीक के गन्ने के खेतों में मोर्चा सम्भाला ।

इस समय तक श्री नरिन्दर पाल सिंह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तरन-तारन दल के साथ वहां पहुंचे और अभियान का नेतृत्व किया। जब तलाशी ली जा रही थी तो गन्ने के खेतों में छिपे आतंकवादियों ने पुलिस दलों पर गोलियां चलाई। पुलिस दलों ने भी जवाब में गोलियां चलाई। श्री एन० पी० सिंह के निर्देशों पर गन्ने के खेतों में हथगोले फैंके गए। श्री खुशी राम पुलिस अधीक्षक आपरेशन तरन-तारन ने स्वयं गन्ने के खेतों में हथगोले फैंके। हथगोलों के दबाव और पुलिस दलों द्वारा भारी गोलीबारी के कारण उग्रवादी अपहृत कामरेड स्वर्ण सिंह को पकड़े नहीं रख सके। अवसर पाकर कामरेड स्वर्ण सिंह गन्ने के खेतों से बाहर आ गए और सुरक्षा बलों के सामने प्रस्तुत हो गए। इस प्रकार से श्री खुशी राम नुकसान पहुंचाए बिना अपहृत व्यक्ति को छुड़ाने में कामयाब हो गए। कामरेड स्वर्ण सिंह ने खेतों में उग्रवादियों की उपस्थिति के बारे में महत्वपूर्ण सूचना दी। आतंकवादी पुलिस कार्मिकों पर अंधाधुंध गोलियां चलाते रहे। पुलिस बलों ने जवाब में प्रभावी ढंग से गोलीबारी की। गोलीबारी 7.30 बजे अपराह्न तक होती रही। उसके बाद श्री एन० पी० सिंह ने बढ़ते हुए अंधेरे को देखते हुए तथा जीवन हानि से बचने के लिए तलाशी बन्द करने और घेराबंदी सख्त करने का निर्णय लिया।

3-9-1991 को लगभग 3.45 बजे अपराह्न फंसे हुए आतंकवादियों ने भागने की कोशिश में सुरक्षा कार्मिकों की तरफ अंधाधुंध गोलियां चलाई, जो नहर की तरफ से घेरा डाले हुए थे। उग्रवादियों ने अपने आपको 3-4 ग्रुपों में विभाजित किया। एक उग्रवादी भागने की भरसक कोशिश में, पुलिस कार्मिकों पर गोली चलाता रहा ताकि घेराबन्दी टूट जाए, लेकिन निरीक्षक सूबा सिंह ने बहुत निपुणता से उसे मार डाला।

3-9-1991 को लगभग 6.30 बजे अपराह्न श्री एन० पी० सिंह के निदेश और पर्यवेक्षण में पुलिस और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल कार्मिकों ने एक संयुक्त तलाशी अभियान चलाया। श्री एन० पी० सिंह ने अपने जवानों के साथ स्वयं इस तलाशी अभियान का नेतृत्व किया और स्वयं इस मोर्चे में आगे थे। इससे पूरे दल का मनोबल बढ़ा और वे इस युद्ध जैसी स्थिति में पूरे उत्साह और शक्ति से स्वतः ही कूद पड़े। इस प्रक्रिया में धान के एक खेत को साफ किया गया क्योंकि वहां कोई विरोध नहीं था। जब पास के धान के खेत को उत्तर पश्चिमी किनारे से तलाशी की जा रही थी तो उग्रवादियों ने श्री एन० पी० सिंह के नेतृत्व वाले दल पर गोलियां चलाई। इस गोलीबारी में कांस्टेबल जसबीर सिंह श्री एन० पी० सिंह के साथ-साथ आगे बढ़ रहे थे का बांया कन्धा गोली लगने से जख्मी हो गया। श्री एन० पी० सिंह गोली लगने से बाल-बाल बचे, इसके बावजूद वे दल का नेतृत्व करते रहे। श्री सिंह ने पूरी सूझ बूझ और पिछले अनुभव के आधार पर अपने शस्त्र से उस दिशा में गोली चलायी। उनके द्वारा चलाई गई गोली उग्रवादी को लगी जो मरते समय चिल्लाया। इसी बीच श्री एन० पी० सिंह को दूसरे उग्रवादी की गतिविधिया दिखाई दी, उन्होंने उस दिशा में गोली चलाई और दूसरे उग्रवादी को मार डाला। उसके बाद धान के दूसरे खेत को साफ करने में कोई विरोध नहीं हुआ। उसके बाद तलाशी अभियान बन्द कर दिया गया और संदिग्ध क्षेत्र के चारों तरफ पुनः सख्त घेरा डाला गया और 24 घंटे से अधिक समय तक चले इस गम्भीर और गहन अभियान में पुलिस कार्मिक बिना भोजन के रहे।

अगले दिन प्रातः अर्थात 4-9-1991 को गन्ने और धान के खेतों में पुनः तलाशी शुरू की गई। श्री खुशी राम पुलिस अधीक्षक (प्रचालन) के नेतृत्व वाले खोजबीन दल पर, जिसमें श्री परमदीप सिंह पुलिस उप-अधीक्षक और गोविन्द तथा अन्य शामिल थे, उग्रवादियों ने गोलियां चलायी। वे जमीन पर लेटकर खिसकते हुए आगे बढ़े। अंततः वे एक उग्रवादी को मारने में सफल हो गए। उसके आसपास दलों ने जिनका नेतृत्व क्रमशः उप निरीक्षक रामनाथ, श्री एस० एस० बरार, पुलिस उप-अधीक्षक श्री खुशी राम कर रहे थे। गन्ने के उस दिशा में बढ़ना शुरू किया जहां से उग्रवादी गोलियां चला रहे थे। गन्ने के खेतों में छिपे हुए उग्रवादियों को संभावित स्थिति का पता लगाने के बाद सर्वश्री राम नाथ, मुखदेव सिंह बरार और खुशीराम रेंगते हुए उनके छिपने के स्थान की तरफ बढ़े और वे तीनों एक-एक उग्रवादी को मारने में कामयाब हुए।

उग्रवादियों के खिलाफ 51 घंटे लम्बे इस अभियान में कुल सात उग्रवादी मारे गए जिनमें से बाद में गांव की गिनाख्त (1) सतनाम सिंह उर्फ सन्ता (2) अवतार सिंह उर्फ बिल्ला (3) दिलबाग सिंह (4) मेजर सिंह उर्फ घुक और (5) सुखविन्दर सिंह उर्फ काला के रूप में की गई। खोजबीन के दौरान मुठभेड़ के स्थान से एक एस० एल० आर०, एक 7.62 बोर की राईफल, .303 की 8 राईफलें एक बाकी टाको सैट और बड़ी मात्रा में खाली सक्रिय कारतूस बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में सर्व श्री सूबा सिंह पुलिस निरीक्षक और जसबीर सिंह कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 2-9-1991 से दिया जाएगा।

ए० के० उपाध्याय
निदेशक

सं० 114-प्रेस/92—राष्ट्रपति पंजाब पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद :
श्री ए० के० मित्तल,
पुलिस उप-अधीक्षक,
बटाला।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

25 नवम्बर, 1991 को श्री अरुण कुमार मित्तल, पुलिस उप-अधीक्षक एक पुलिस दल के साथ क्षेत्र में तलाशी तथा छानबीन का कार्य कर रहे थे तो उन्हें सूचना मिली कि अन्तर्राष्ट्रीय गोरिल्ला फोर्स से संबंधित आतंकवादियों का एक ग्रुप गन्ध सफेदा के पेड़ों के बीच में, जो कलानौर पंचायत के थे, छिपा हुआ है। डेरा बाबा नानक के पुलिस उप-अधीक्षक को संयुक्त अभियान के लिए तुरन्त घटनास्थल पर पहुंचने हेतु सूचित किया गया।

श्री मित्तल अपने दल के साथ तुरन्त घटनास्थल पर पहुंचे। ज्योंहि पुलिस दल संदिग्ध छिपने के स्थान के नजदीक पहुंचा तो आतंकवादियों ने अत्याधुनिक हथियारों से उन पर गोली चलाई। पुलिस दल ने आत्म रक्षा में तुरन्त गोली का जवाब गोली से दिया। आतंकवादी दृढ़ बने हुए थे, उन्होंने अपने मोर्चे में परिवर्तन किया और पुलिस दल पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी। एक आतंकवादी ने निशाना लगाया और श्री मित्तल पर गोली चला दी परन्तु सौभाग्यवश वे बाल-बाल बच गए। श्री मित्तल अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बगैर भाग रहे आतंकवादियों का पीछा किया। अन्य आतंकवादियों ने भी श्री मित्तल द्वारा छिपने के स्थान के नजदीक पहुंचने के प्रयास को विफल करने की भरसक कोशिश की तथा उन पर गोली चलाई। श्री मित्तल ने भाग रहे आतंकवादी पर बड़ी निपुणता से गोली चलाई और उसे मार दिया गिराया।

इसी बीच वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बटाला अपने बल सहित घटना स्थल पर पहुंचे। घेरे को और मजबूत बनाया गया बचकर भागने के सभी संभव रास्तों को बन्द कर दिया। एक भीषण मुठभेड़ हुई जो 1.30 बजे अपराह्न तक चली। उसके बाद आतंकवादियों की ओर से गोली चलनी बन्द हो गई। तलाशी के दौरान आतंकवादियों के पांच शव बरामद हुए, जिनकी बाद में गुरनाम सिंह उर्फ बिल्ला, रणधीर सिंह उर्फ धीरा, वीर सिंह, जसवीर सिंह तथा बलजीत सिंह के रूप में शिनाख्त की गई। तलाशी के दौरान मुठभेड़ वाले स्थान से बड़ी मात्रा में शस्त्र तथा गोला बारूद बरामद हुआ।

इस मुठभेड़ में श्री ए० के० मित्तल, पुलिस उप-अधीक्षक ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 25 नवम्बर, 1991 से दिया जाएगा।

ए० के० उपाध्याय,
निदेशक

सं० 115—प्रेज 92—राष्ट्रपति पंजाब पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री सुरिन्दर सिंह,
पुलिस उप-निरीक्षक,
एस० एच० ओ०,
थाना सिरहाली।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

15 अप्रैल, 1990 को परिचालन कार्यक्रम के अनुसार केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 33वीं बटालियन की सभी कंपनियां छापा मारने/तलाशी लेने की ड्यूटियों पर थी। लगभग 0800 बजे जब वे फेलोके गांव से जा रहे थे तो उन्होंने शान सिंह नामक एक व्यक्ति के फार्म हाउस की तलाशी लेने का निर्णय लिया। जब वे फार्म हाउस के नजदीक पहुंचे तो वहां छिपे आतंकवादियों ने पुलिस दल पर भारी गोली-बारी की। उन्होंने तुरन्त यूनिट मुख्यालय तथा पुलिस स्टेशनों को कुमुक भेजने के लिए सूचित किया।

उप-निरीक्षक सुरिन्दर सिंह, एस० एच० ओ० पुलिस स्टेशन सिरहाली अपने दल के साथ तुरन्त घटना स्थल पर पहुंचे, उन्होंने स्थिति का जायजा लिया और उग्रवादियों को आत्मसमर्पण करने को कहा। परन्तु उग्रवादियों ने अपने स्वचालित हथियारों से पुलिस दलों पर भारी गोली-बारी जारी रखी। कमरे से अनुकूल स्थितियों से गोलियां चल रहीं थीं। इस स्थिति को देखते हुए श्री सुरिन्दर सिंह ने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के कर्मिकों के साथ कमरे के ठीक सामने की ओर उस स्थान पर मोर्चा संभाला जहां से भारी गोली-बारी चल रही थी।

गोलियां प्रभावकारी साबित नहीं हो रही थी, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के दो कार्मिक कमरे की छत पर चढ़ गए उन्होंने वहां सुराख बनाए और वहां से कमरे में हथ-गोले फैंके। इसके परिणामस्वरूप कमरे के अन्दर इकट्ठे किए हुए चारे में आग लग गई और वहां छिपे हुए तीन उग्रवादी घटनास्थल पर ही जलकर मर गए।

इसी बीच लगभग 4–5 आतंकवादियों ने दूसरी ओर से पुलिस दल पर गोलियां चलानी शुरू कर दी। श्री सुरिन्दर सिंह अपने मार्गरक्षी दल तथा केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के कार्मिकों के साथ तुरन्त उस स्थान की ओर बढ़े जहां से आतंकवादी गोलियां चला रहे थे और उन्होंने पूरे क्षेत्र को घेर लिया। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए श्री सुरिन्दर सिंह दक्षिण-पूर्व से उग्रवादियों की ओर बढ़े, जबकि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के कार्मिक दूसरी दिशाओं से आगे बढ़े। पुलिस केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के कार्मिकों को देखने के बाद भी आतंकवादी अत्याधुनिक हथियारों से सभी दिशाओं से गोलियां चलाते रहे। उप-निरीक्षक, सुरिन्दर सिंह उन उग्रवादियों के अति निकट आए जो पुलिस/केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के कार्मिकों पर गोलियां

चला रहे थे, उन्होंने उग्रवादियों पर हथगोले फेंके और अपने आदमियों को राइफल ग्रिनेड चलाने के लिए कहा। उप-निरीक्षक सुरिन्दर सिंह को आगे बढ़ता हुआ देखकर 2–3 उग्रवादी गेहूं के खेतों की तरफ भागे और भागते हुए उन्होंने पीछा कर रहे पुलिस कार्मिकों पर गोलियां चलानी जारी रखीं। उप-निरीक्षक सुरिन्दर सिंह ने भाग रहे उग्रवादियों का पीछा करना तथा उन पर गोली चलाना जारी रखा, इसके परिणामस्वरूप दो आतंकवादी मारे गए। लगभग छः घंटे तक मुठभेड़ हुई, इसके परिणामस्वरूप 6 उग्रवादी मारे गए, उनमें से एक का शव उग्रवादी लेकर भाग गए। तलाशी के दौरान मुठभेड़ वाले स्थान से बड़ी मात्रा में शस्त्र तथा गोला-बारूद बरामद हुआ।

इस मुठभेड़ में श्री सुरिन्दर सिंह, पुलिस उप-निरीक्षक ने उत्कृष्ट, वीरता साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 15 अप्रैल 1990 से दिया जाएगा।

ए० के० उपाध्याय
निदेशक

सं० 116–प्रेज/92—राष्ट्रपति, पंजाब पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम तथा पद

श्री तेजिन्दर सिंह,
पुलिस निरीक्षक,
थाना प्रभारी,
थाना अजनाला

श्री थामन सिंह,
हेड कांस्टेबल,
अजनाला।

श्री गुरजीत सिंह,
एल० सी०/थाना प्रभारी के बंदूकधारी,
थाना अजनाला।

सेनाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

दिनांक 17 नवम्बर, 1990 को गुप्त सूचना प्राप्त होने पर अन्य पुलिस कर्मियों को (हैड कांस्टेबल थामन सिंह और लांस कांस्टेबल गुरजीत सिंह सहित) समेत निरीक्षक तेजिन्दर सिंह ने अर्ध-सैनिक बलों को साथ लेकर सविन्दर सिंह, गांव गौरी नांगल के सरपंच के फार्म हाउस, जहां खूंखार आतंकवादी छिपे हुए थे, पर छापा मारा। वहां पहुंचने पर श्री तेजिन्दर सिंह ने स्थिति का आकलन किया और आतंकवादियों को आत्मसमर्पण कर देने को ललकारा, परन्तु आतंकवादियों ने पुलिस दल पर भारी गोलीबारी करना आरम्भ कर दिया। पुलिस कार्मिकों ने तुरन्त मोर्चे संभाले और आत्मसुरक्षा में गोली चलाई। नियंत्रण कक्ष, मजीठा को भी वायरलैस के द्वारा कुमुक भेजने के लिए संदेश भेज दिया गया।

कुछ समय बाद कुमुक वहां पहुंची गयी। उसके बाद पुलिस और अर्ध-सैनिक बलों को दो दलों में विभाजित कर दिया गया। सर्वश्री थामन सिंह और गुरजीत सिंह और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की एक टुकड़ी सहित निरीक्षक तेजिन्दर सिंह ने फार्म हाउस में प्रवेश किया। अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने फार्म हाउस को घेर लिया। जैसे ही पुलिस बल रेंगता हुआ फार्म हाउस में घुसा तो उन पर स्वचालित हथियारों से आतंकवादियों द्वारा भीषण गोलीबारी की गई। इस पर, निरीक्षक तेजिन्दर सिंह ने प्रवेश द्वार के सामने की ओर से एक हथगोला फैंका। जिसके परिणामस्वरूप आतंकवादियों की ओर से होने वाली गोलीबारी धीमी हो गई, और उसके बाद उन्होंने और हथगोले फैंके तथा अन्य पुलिस कार्मिकों ने अपने हथियारों से गोली बारी शुरू कर दी। हेड-कांस्टेबल थामन सिंह और लांस कांस्टेबल गुरमीत सिंह ने भी फार्म हाउस में हथगोले फैंके। दोनों ओर से हुई गोलीबारी के दौरान, सर्वश्री तेजिन्दर सिंह, थामन सिंह और गुरमीत सिंह गोली लगने से घायल हो गए तथा केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के हेड-कांस्टेबल समीउल्लाह खान मारे गए। प्रातः 7.00 बजे से रात्रि 8.00 बजे तक जवाबी गोलीबारी होती रही। उसके बाद आतंकवादियों की ओर से गोली चलना रुक गया। निरीक्षक तेजिन्दर सिंह के नेतृत्व वाला दल तब फार्म हाउस के कमरों में घुसा और उसने उग्रवादियों के छः शव बरामद किए जिन्हें बाद में सुखदेव सिंह उर्फ सुक्खा, कुलदीप सिंह उर्फ कीपा, नरिन्दर सिंह उर्फ टोटी, सेवा सिंह, अजीत सिंह और स्वर्ण सिंह उर्फ सोना के रूप में पहचाना गया। तलाशी के दौरान मुठभेड़ स्थल से बड़ी मात्रा में शस्त्र और गोला बारूद बरामद किया गया। इस मुठभेड़ में, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का कांस्टेबल/ड्राईवर एम० के० बर्की भी मारा गया।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री तेजिन्दर सिंह, पुलिस निरीक्षक, थामन सिंह, हैड-कांस्टेबल और गुरजीत सिंह, थाना प्रभारी के लांस-कांस्टेबल/बन्दूकधारी ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्य परायणता का परिचय दिया।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 17 नवम्बर, 1990 से दिये जाएंगे।

ए० के० उपाध्याय
निदेशक

नई दिल्ली, दिनांक 12 सितम्बर, 1992

सं० 117-प्रेज/92—राष्ट्रपति, पंजाब पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम तथा पद

श्री बचन सिंह,
पुलिस उप-अधीक्षक,
जिला मोगा ।

श्री बिशन दास, (मरणोपरान्त)
पुलिस निरीक्षक,
जिला मोगा ।

श्री पूरन सिंह,
पुलिस सहायक उप-निरीक्षक (मरणोपरान्त)
जिला मोगा ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

17 मई, 1991 को श्री बचन सिंह, पुलिस उप-अधीक्षक, मोगा को एक गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि खूंखार उग्रवादी गुरचरन सिंह उर्फ चन्ना अपने साथियों सहित पुलिस स्टेशन-सदर कोतकपुरा स्थित गांव ओलख के समपूरन सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में छिपा हुआ है । इन अपराधियों ने वहां शरण ली हुई थी और अपराध करने से पहले और बाद में उक्त मकान में शस्त्र तथा गोला-बारूद रखते थे । श्री बचन सिंह ने छापा मारने के लिए एक पुलिस दल संगठित किया जिसमें निरीक्षक बिशन दास, एस० एच० ओ०, पुलिस स्टेशन बाघापुराना, सहायक उप-निरीक्षक पूरन सिंह सहित पुलिस/सीमा सुरक्षा बल के कार्मिक शामिल थे । उन्होंने जिला मुख्यालयों को भी सूचित किया ।

उसके बाद वे घटनास्थल पर पहुंचे, उन्होंने मकान पर घेरा डाला और उग्रवादियों को आत्मसमर्पण करने के लिए ललकारा । परन्तु उग्रवादियों ने पुलिस दल पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी । पुलिस दल ने आत्म रक्षा में जवाबी गोलीबारी की । सर्वश्री बचन सिंह, बिशन दास तथा पूरन सिंह ने अन्यों के साथ अपनी जिन्दगी की परवाह किए बगैर मकान में घुसकर उग्रवादियों को दबोचने के लिए साहसिक कदम उठाया । परन्तु उग्रवादियों ने पुलिस कार्मिकों पर गोलीबारी शुरू कर दी और इस कार्यवाही में सर्वश्री बचन सिंह, बिशन दास तथा पूरन सिंह तथा अन्य गोली लगने से जख्मी हो गए । इस पर पुलिस दलों ने घर में हथगोले फैंके । उसके बाद उग्रवादियों की ओर से गोलियां चलनी रुक गईं । उसके बाद मकान की तलाशी ली गई, भीतरी भाग से खूंखार उग्रवादी गुरचरन सिंह उर्फ चन्ना का शव बरामद हुआ। तलाशी के दौरान मुठभेड़ वाले स्थान से मैगजीन सहित एक ए० के० 47 राइफल, 15 खोल, ड्रम मैगजीन सहित एक जी० पी० एम० जी०, 15 सक्रिय कारतूस, 35 राउण्ड सहित .303 राइफल बरामद हुए ।

घायल हुए व्यक्तियों में से उप-निरीक्षक पूरन सिंह, की उसी दिन मृत्यु हो गई जबकि निरीक्षक बिशन दास की जख्मों के कारण दूसरे दिन मृत्यु हो गई ।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री बचन सिंह, पुलिस उप-अधीक्षक, बिशन दास, पुलिस निरीक्षक तथा पूरन सिंह, पुलिस सहायक उप-निरीक्षक ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 17 मई, 1991 से दिया जाएगा ।

ए० के० उपाध्याय
निदेशक

नई दिल्ली दिनांक 12 सितम्बर 1992

सं० 118-प्रेज/92—राष्ट्रपति उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक बार प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम तथा पद

श्री बी० एस० सिद्धू
पुलिस अधीक्षक
बांदा ।

डा० तहसीलदार सिंह
पुलिस उपाधीक्षक
बांदा ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

15 मार्च 1990 को करीब 4.00 बजे अपराह्न गाव हुस्ताम पुलिस थाना बिसंडा में किसी चांगा नाई के घर में 7-8 डकैतों की उपस्थिति की सूचना प्राप्त होने पर श्री बी०एस० सिद्धू पुलिस अधीक्षक ने डा० तहसीलदार सिंह पुलिस उपाधीक्षक को यह निर्देश दिया कि वे उपलब्ध पुलिस बल को एकत्रित कर डकैतों की घेराबन्दी करें और मोर्चा लें । बिना समय गवाए समूचा पुलिस बल करीब 4.35 बजे अपराह्न खुराहन्द सीमा-चौकी पर पहुंचा । तब पुलिस अधीक्षक ने भेदिए से और गांव वालों से गिरोह के बारे में पूछा जिन्होंने बताया कि केशव सिंह के घर पर अपराध करने के इरादे से गिरोह गांव के बाहर स्थित नाले की ओर चला गया है ।

पूरे पुलिस बल को पांच टुकड़ियों में बांटा गया जिनमें से पहली टुकड़ी का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक दूसरी का बांदा के पुलिस उपाधीक्षक और तीसरी का नेतृत्व पुलिस निरीक्षक कोतवाली के द्वारा किया जा रहा था । इसी प्रकार से चौथी पांचवीं टुकड़ी को क्रमशः रिजर्व पुलिस के उपनिरीक्षक और प्लाटून कमांडर के अधीन रखा गया । पुलिस कर्मियों को मुठभेड़ की रणनीति के बारे में और समस्त योजना के बारे में जानकारी देने के बाद सभी टुकड़ियों से 6.30 बजे सायं तक अपनी-अपनी पोजीशन ले लेने और गिरोह के आने का इंतजार करने के लिए कहा गया । करीब 7.00 बजे सायं को पुलिस की बर्दी में 7-8 डकैत केशव सिंह के घर पर पहुंचे और दरवाजा खोलने के लिए कहा । कोई उत्तर न मिलने पर एक डकैत चिल्लाया कि यह बुद्धसेन का गिरोह है और यदि दरवाजा नहीं खोला गया तो घर में आग लगाकर घर में रहने वाले सभी लोगों को मार डाला जाएगा इस पर बांदा के पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धू ने डकैतों को चेतावनी दी कि पुलिस ने उन्हें चारों ओर से घेरा हुआ है और उन्हें हथियार डालकर आत्मसमर्पण कर देना चाहिए । डकैतों ने पहली टुकड़ी पर अंधाधुंध गोलीबारी करके इस चेतावनी का जवाब दिया और पुलिस को चेतावनी दी कि वह वापस चले जाएं नहीं तो मारे जाएंगे । यह गोलीबारी पुलिस अधीक्षक को निशाना बनाकर की गई थी लेकिन सौभाग्य से वे सुरक्षित बच गए । फिर श्री सिद्धू ने सभी पुलिस दलों को सावधान किया और निर्देश दिया कि डकैत घेरेबन्दी से बचकर न निकल जाएं । विभिन्न पुलिस दलों द्वारा भी डकैतों को अपने हथियार डाल देने के लिए चेतावनी दी गई । अपने आपको पुलिस द्वारा पूरी तरह घिरा गया जानकर डकैत कई टुकड़ियों में बंट गए और अंधाधुंध गोली चलाने लगे । डकैतों की ओर से भारी गोलीबारी को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने पुलिस को और कुमुक मंगाने के लिए संदेश भेजा । डकैतों ने पुलिस अधीक्षक की आवाज से अनुमान लगाकर उन पर फिर से गोली चलाई लेकिन आश्चर्यजनक ढंग से बच गए और उन्होंने पलटकर गोली चलाई । जब दोनों ओर से गोली-बारी जारी थी तो 43वीं बटालियन पी० ए० सी० के कांस्टेबल जयराम सिंह ने अपने जीवन के प्रति गंभीर खतरे की चिन्ता न करते हुए बेहतर पोजीशन लेने की कोशिश की और डकैतों पर गोली चलाई जिसके जवाब में डकैतों ने टुकड़ी संख्या 5 पर गोलियां चलाईं । इसी बीच प्लाटून कमां-डर ने पुलिस अधीक्षक को चिल्लाकर बताया कि कांस्टेबल जयराम सिंह को गोली लग गई है । चूंकि पुलिस अधीक्षक जबाबी गोलीबारी में सक्रिय रूप से शामिल थे इसलिए उन्होंने प्लाटून कमांडर को आदेश दिया कि वह घायल कांस्टेबल को इलाज के लिए अस्पताल ले जाए । उन्होंने ध्वनि विस्तारक पर सभी पुलिस टुकड़ियों को यह निर्देश भी दिया कि वे अपनी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए डकैतों पर दबाव बढ़ाएं । अब तक डकैत दबाव में आ गए थे और उन्होंने और जोर से लगातार गोलीबारी शुरू कर दी थी ।

तब तक पी० ए० सी० की 43वी बटालियन के कांस्टेबल सदाशिव यादव ने कांस्टेबल जयराम सिंह का स्थान ले लिया था । डकैतों ने पुलिस टुकड़ी संख्या 1 की ओर आगे बढ़ना शुरू कर दिया था और पुलिस की गोलीबारी के परिणामस्वरूप एक डकैत गिर गया । पुलिस अधीक्षक और उनके दल को भारी खतरा होने की बात भांपते हुए पुलिस उपाधीक्षक ने तुरन्त ही दरवाजा खोल दिया और गोलीबारी प्रारम्भ कर दी । गोलीबारी के दौरान एक डकैत को गोली लगी और वह गिर गया । बाद में डकैतों की ताजा स्थिति जानने के लिए गोलीबारी रुक गई । अचानक ही पुलिस उपाधीक्षक पर डकैतों द्वारा गोली चलाई गई लेकिन तेजी से स्थान बदल लेने के कारण बच गए । इसी बीच पुलिस अधीक्षक और एक पुलिस उपनिरीक्षक केशव सिंह के घर की छत के पूर्वी कोने तक सरक कर पहुंच गए और पुलिस अधीक्षक ने उन्मूलन के लिए बी० एल० पी० फायरिंग का आदेश दिया । डकैतों ने दक्षिण पूर्वी दिशा में बचकर भागने की कोशिश की लेकिन डकैतों को भाग जाने से रोकने के लिए कांस्टेबल सदाशिव यादव ने उन पर गोली चलाई और इस दौरान उसे गोली लगी और वह गिर गया । इसी बीच 33वीं बटालियन पी० ए० सी० के एक हवलदार ने अपने जीवन का भारी खतरा उठाते हुए उस एक विशेष डकैत पर पर गोली चलाई जो उसके बिलकुल नजदीक खड़ा होकर भारी गोलीबारी कर रहा था और उस डकैत को मार गिराया । गिरते-गिरते उस डकैत ने भी हवलदार को गोली मारी । अब तक पुलिस अधीक्षक और पुलिस उपाधीक्षक टुकड़ी संख्या-5 के पास दक्षिणी निकास तक रेंग कर पहुंच चुके थे, जहां उन्हें डकैतों की ओर से एक बार फिर गोलियों की बौछार का सामना करना पड़ा । हवलदार श्यामसिंह और कांस्टेबल सदाशिव यादव को जिन्हें मुठभेड़ के दौरान गोलियां लगी थीं तुरन्त जिला अस्पताल ले जाया गया लेकिन उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया ।

इसी मध्य अतिरिक्त पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंच गया और उसे गांव के चारों ओर तैनात कर दिया गया तथा यह निर्णय लिया गया कि गांव की सघन तलाशी सुबह ली जाएगी । डकैतों को गांव में तलाश करने पर यह पाया गया कि बाकी बचे डकैतों ने भागते समय एक ग्रामवासी (सदाशिव सिंह) की हत्या कर दी थी । यह भी पाया गया कि मुठभेड़ में तीन डकैत मारे गये थे जिनकी पहचान बाद में राजा सिंह अच्छे लाल नाई और छोटे लाल साह के रूप में की गई । भारी मात्रा में जीवित कारतूसों के साथ और कारतूसों के खोखों के साथ 30.06 कैलिबर की दो अमेरिकन स्प्रिंगफील्ड राइफलें और जिवित/चले हुए कारतूसों के साथ 12 बोर की एक डी० बी० बी० एल० बन्दूक उनके पास से बरामद की गई ।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री बी० एस० सिद्धू पुलिस अधीक्षक और डा० तहसीलदार सिंह पुलिस उपाधीक्षक ने उत्कृष्ट वीरता साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 15 मार्च 1990 से दिया जाएगा ।

ए० के० उपाध्याय
निदेशक

नई दिल्ली, दिनांक 12 सितम्बर, 1992

सं० 199—प्रेज/92—राष्ट्रपति, दिल्ली पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद :

श्री जसवीर सिंह,
कांस्टेबल (अब हैड-कांस्टेबल),
दिल्ली पुलिस ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

दिनांक 12/13 सितम्बर, 1991 के बीच की रात को श्री जसवीर सिंह, कान्स्टेबल जिस समय पंचशील एन्कलेव क्षेत्र में रात्रि गश्त पर तैनात थे तो उन्होंने एक ब्लाक से गुजरते समय एक व्यक्ति को कार संख्या डी० एन० सी०—7341 का शीशा तोड़ते और एक थैला निकालते हुए देखा । कांस्टेबल ने तुरन्त चोर को ललकारा तो वह पास के जंगल में घुस गया । श्री जसवीर सिंह ने उसका पीछा किया । कांस्टेबल को पीछा करते देख चोर जिसकी बाद में बलवंत सिंह के रूप में पहचान की गई, ने कांस्टेबल को धमकी दी कि उसका पिछा करने के परिणाम अच्छे नहीं होंगे । इससे विचलित हुए बिना श्री जसवीर सिंह ने चोर का पीछा करना जारी रखा और उसको पकड़ कर उसके साथ जूझ पड़े । चोर ने एक जंजीर निकाली और कांस्टेबल पर वार किया परन्तु कांस्टेबल चोर से चैन छीनने में सफल हो गया । इस पर चोर ने तुरन्त एक चाकू निकाल लिया और श्री जसवीर सिंह के चेहरे और सिर पर वार किए जिससे उनके घाव हो गए और उनमें से अधिक मात्रा में रक्त बहने लगा । बुरी तरह घायल होने के बावजूद भी श्री जसवीर सिंह ने चोर पर अपनी पकड़ ढीली नहीं की और सहायता के लिए चिल्लाए । कांस्टेबल की चीखों को ड्यूटी पर तैनात अन्य कांस्टेबल और दिल्ली होम गार्ड के एक जवान ने सुना और उसको बचाने के लिए दौड़ पड़े, और चोर तथा थैले को अपने अधिकार में ले लिया । कांस्टेबल जसवीर सिंह को बाद में अस्पताल ले जाया गया जहां उसके चेहरे और सिर पर 66 टांके लगाए गए ।

इस मुठभेड़ में श्री जसवीर सिंह, कांस्टेबल ने, उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्य परायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 13 सितम्बर, 1991 से दिया जाएगा ।

ए० के० उपाध्याय,
निदेशक

नई दिल्ली, दिनांक 12 सितम्बर, 1992

सं० 120—प्रेज/92 राष्ट्रपति केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते है :

अधिकारियों के नाम तथा पद

श्री एस० सरगुरू,
कांस्टेबल,
60वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

श्री पी० डेंगिन्जिया,
कांस्टेबल,
60वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

दिनांक 11 फरवरी, 1991 को खतरनाक आतंकवादी मकबूल भट्ट को झांसी लगाए जाने की वर्षगांठ होने के कारण श्रीनगर में सुरक्षा बलों को अधिकतम सावधानी की स्थिति में रखा गया था । कांस्टेबल एस० सरगुरू और कांस्टेबल पी० डेंगिन्जिया को खलीफापुरा में गश्त पर स्काउट के रूप में तैनात किया गया था । दल के कमांडर को इस बात की निश्चित सूचना मिलने पर कि आतंकवादियों ने रैनावाड़ी चौकी क्षेत्र, की ओर गोलियां चलाई हैं, पुलिस दल तुरन्त गलियों में घुस गया, ताकि आतंकवादियों को भागने से रोका जा सके । "स्काउट" होने के कारण कांस्टेबल सरगुरू और डेंगिन्जिया चुपचाप गलियों में से निकलते हुए आगे बढ़े और उन्होंने दो व्यक्तियों को संदिग्ध, रूप में घूमते हुए और महिलाओं तथा बच्चों की भीड़ के बीच में मिलते हुए तथा अपने हथियार "फिरन" में छुपाते हुए देखा । स्काउटों ने तुरन्त ही वह सूचना दल के कमांडर को दे दी, जिन्होंने उन्हें गोली न चलाने का आदेश दिया क्योंकि सामान्य नागरिक मारे जा सकते थे । सर्वश्री सरगुरू और डेंगिन्जिया ने दल के कमांडर के निर्देशों के अनुसार यह अच्छी तरह जानते हुए कि सर्वाधिक खतरनाक और पलायन आतंकवादियों

का पीछा कर रहे हैं और अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की बिलकुल चिन्ता न करते हुए तंग गलियों में करीब 200 गज तक आतंकवादियों का पीछा किया। इन गलियों के आसपास के क्षेत्रों में काफी सशस्त्र आतंकवादी थे। अन्त में उन्होंने उनमें से एक आतंकवादी पर काबू पा लिया जो 24 राउन्ड की भरी हुई मैगजीन वाली ए० के० 47 राइफल लिए हुए था और बाद में जिसे "अल-उमर-ग्रुप" के एक कुख्यात आतंकवादी नजीर अहमद शाह के रूप में पहचाना गया। पीछा करते हुए पूरे समय इन स्काउटों ने बहुत संयम बरता और एक भी गोली नहीं चलाई और फिर भी सफल रहे। जम्मू कश्मीर के पुलिस महानिदेशक ने उन दोनों में से प्रत्येक को उसी दिन 2,500/– रुपये का पुरस्कार दिया।

इस घटना में सर्वश्री सरगुरू, कांस्टेबल और पी० डिगिन्जिया कांस्टेबल ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्य परायणता का परिचय दिया।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं, तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 11 फरवरी, 1991 से दिया जाएगा।

ए० के० उपाध्याय
निदेशक

नई दिल्ली, दिनांक 12 सितम्बर, 1992

सं० 121–प्रेज/92––राष्ट्रपति केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं :

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री विजेन्द्र सिंह,
कांस्टेबल,
5वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

दिनांक 12 दिसम्बर, 1990 को इस आशय की सूचना प्राप्त होने पर कि थाना सफाकदल के अधीन बगियास चौकी के क्षेत्र में तैनात यूनिट की पिकेटिंग पार्टियों पर कुछ उग्रवादी आक्रमण कर रहे हैं, यूनिट कमांडर बल सहित जिसमें कांस्टेबल विजेन्द्र सिंह भी थे, चौकी की ओर रवाना हो गये, उन्होंने क्षेत्र, को घेर लिया और खोजबीन शुरू कर दी। इस बीच सूचना मिली कि बड़ी संख्या में उग्रवादी यूनिट की नवाकदल चौकी पर हमला कर रहे हैं। तुरन्त कांस्टेबल विजेन्द्र सिंह और कुछ अधिकारियों और कार्मिकों सहित एक सुरक्षा दल को लेकर यूनिट के कमांडेंट घटना स्थल की ओर रवाना हो गए। कमांडेंट के आदेश पर, कांस्टेबल विजेन्द्र सिंह ने पहल की, स्वयं को आगे रखा और उग्रवादियों का पीछा किया। कांस्टेबल विजेन्द्र सिंह ने अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बिना उग्रवादियों का पीछा किया जो कि अच्छी तरह से हथियारों से लैस थे और गलियों में से होकर भागते हुए वे पीछा कर रहे पुलिस दल पर गोलियों की बौछार करते रहे। यह देख कर कि कांस्टेबल सिंह विचलित हुए बिना और अपनी जान की परवाह किए बिना उनका दृढ़ता से पीछा कर रहा है, उग्रवादियों के समक्ष केवल इस विकल्प के कि वे अपनी ए० के० 47 राइफल की मैगजीन जिसने 30 राउण्ड भरे हुए थे वहीं छोड़ कर अपनी जान बचाने के लिए वहां से भाग खड़े हों, अन्य कोई रास्ता नहीं बचा था। इस प्रकार आतंकवादियों की सुनियोजित हमले की योजना विफल हो गई। जब पुलिस दल अपनी यूनिट वापिस आ रहा था तो एक अन्य हमले की सूचना दी गई तथा कांस्टेबल विजेन्द्र सिंह सहित, यूनिट घटनास्थल को रवाना हो गई परन्तु उन पर विभिन्न दिशा से गोलियों की बौछार हो गई। पुलिस दल ने अपनी जान की परवाह किए बिना दो तरफ से आक्रमण शुरू कर दिया ताकि उग्रवादियों को पकड़ा जा सके। इस मौके पर, जिस समय कांस्टेबल विजेन्द्र सिंह अपनी एस० एल० आर० की मैगजीन बदल रहा था, तो दुर्भाग्यवश ए० के० 47 राईफल की एक गोली उनकी छाती के पुट्ठे से होती हुई निकल गई। घायल अवस्था में होने के बावजूद भी कांस्टेबल विजेन्द्र सिंह ने गोली चलाना जारी रखा और उग्रवादियों को दूर रखने में सफल रहे तथा अपने साथियों के बहमूल्य जीवन की तब तक रक्षा करते रहे जब तक कि वह बेहोश होकर गिर नहीं गये। तुरन्त उनके साथियों द्वारा उन्हें 92 सैनिक अस्पताल ले जाया गया।

इस मुठभेड़ में श्री विजेन्द्र सिंह, कांस्टेबल, ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्य परायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 12 दिसम्बर, 1991 से दिया जायेगा।

ए० के० उपाध्याय
निदेशक

नई दिल्ली, दिनांक 12 सितम्बर, 1992

सं० 122–प्रेज/92––राष्ट्रपति केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं :–

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री गोवर्धन साहू,
कॉस्टेबल,
43वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

दिनांक 18 नवम्बर, 1991 को श्री एस० एस० सिद्धू, कमांडेंट के नेतृत्व में गांव फतेहपुर में छापा मारने और तलाशी अभियान चलाने की योजना बनाई गई। पूर्ण रूप से ठीक किए जाने के बाद सभी दल गांव फतेहपुर के लिए रवाना हो गए और करीब 0700 बजे वहां पहुंचे। वहां पहुंच कर उन्होंने गांव को घेर लिया और बचकर भागने के सभी संभावित रास्तों को सील कर दिया। घेरे-बन्दी का निरीक्षण करने के बाद श्री सिद्धू, पंजाब पुलिस के एक पुलिस उपाधीक्षक तथा श्री श्याम कुमार बुलकाडे, कांस्टेबल और श्री गोवर्धन साहु, कांस्टेबल सहित अपने मार्ग रक्षी कार्मिकों के साथ घर-घर की तलाशी के लिए गांव के भीतर की ओर बढ़े। जैसे ही तलाशी दल ने लम्बरदार कुन्दन सिंह के घर में प्रवेश किया और आंगन में पहुंचा तो घर के कमरों में छिपे हुए आतंकवादियों ने तलाशी दल पर ए० के० 47 राइफलों से भारी गोलीबारी शुरू कर दी। बिना हौंसला खोए श्री सिद्धू ने अपने आदमियों को पोजीशन लेने और जवाबी गोलीबारी करके आतंकवादियों को उलझाए रखने का आदेश दिया। श्री गोवर्धन साहु और पुलिस उपाधीक्षक ने आंगन में रसोई के आसपास बनी एक मुंडेर की दीवार के पीछे पोजीशन ली। उनकी स्थिति बहुत ही असुरक्षित थी क्योंकि वे उन दो कमरों के ठीक सामने थे, जहां से उन पर सीधे गोलीबारी की जा सकती थी। मुठभेड़ के दौरान एक आतंकवादी अपनी ए० के० 47 राइफल से गोलियां चलाते हुए, घेरेबंदी को तोड़ करके भाग निकलने के दुस्साहिक प्रयास में कांस्टेबल साहु और पुलिस उपाधीक्षक पर आक्रमण करते हुए आया लेकिन ये दोनों आश्चर्यजनक ढंग से आतंकवादी की गोलियों से बच गए। कांस्टेबल साहु, खतरे की परवाह न करते हुए आगे बढ़े तथा आक्रमणकारी आतंकवादी पर गोली चलाई और उसे मार डाला। इसी बीच श्री सिद्धू ने छत के ऊपर तथा सभी सामरिक महत्व के स्थानों पर अपने जवान तैनात किए और आतंकवादियों से आत्मसमर्पण करने के लिए कहा परन्तु आतंकवादियों ने श्री सिद्धू के निर्देशों की कोई परवाह नहीं की और मकान के कमरों से पुलिस पार्टी पर भारी गोलीबारी की। दोनों ओर से हो रही गोलीबारी में श्री सिद्धू और कांस्टेबल श्री श्याम कुमार बहुत बड़े खतरे की परवाह न करते हुए आतंकवादियों की ओर से हो रही भारी गोलीबारी में रेंगते आगे बढ़े और स्थिति का जायजा लेने के बाद एक दीवार के खंभे के पीछे मोर्चा संभाला। कमरों में छिपे आतंकवादियों ने उन्हें देख लिया और उन पर भारी गोलीबारी की। श्री सिद्धू और श्री श्याम कुमार विधाता की कृपा से आतंकवादियों की गोलियों से बाल-बाल बचे परन्तु भयभीत हुए बगैर वे रेंगकर कमरे के नजदीक पहुंचे और कमरे से स्वचालित हथियारों से गोली चला रहे आतंकवादियों पर खिड़की से गोलियों की बौछार कर दी और दो आतंकवादियों को घटनास्थल पर ही मार डाला। आतंकवादी अपने दो साथियों की मृत्यु हो जाने पर विचलित नहीं हुए और वे पुलिस पार्टी पर गोलियां चलाते रहे। पुलिस पार्टी ने भी जवाब में गोलियां चलाते हुए आतंकवादियों को उलझाए रखा। श्री सिद्धू ने यह महसूस करते हुए कि जवाबी गोलीबारी से आतंकवादियों पर अपेक्षित प्रभाव नहीं पड़ रहा है, यह निर्णय लिया कि बुलेट प्रूफ वाहनों में आगे बढ़ा जाए और सड़क की तरफ से खिड़कियों से कमरों में गोली चलाई जाए। तदनुसार श्री सिद्धू और श्री श्याम कुमार ने अन्य पुलिस कार्मिकों के साथ कमरों में गोली चलाई पर इससे भी उन पर अपेक्षित प्रभाव नहीं पड़ा। अन्ततः श्री सिद्धू ने छत को तोड़ कर कमरों में हथगोला फेंकने का निर्णय लिया। छत को तोड़ कर कुल मिला कर 14 हथगोले फेंके गए और अन्ततः इससे अपेक्षित प्रभाव पड़ा और आतंकवादियों की ओर से गोलियां चलनी बन्द हो गई। घर की पूरी तलाशी के बाद वहां से उग्रवादियों के चार शव मिले और उनकी शिनाख्त निरवैल सिंह, सुरेन्द्रसिंह, मस्तान सिंह और तेजेन्दर सिंह, सभी बी० टी० एफ० के० (मनोचहल) गुट से संबंधित के रूप में की गई। मृतकों से दो ए० के० 47 राइफल, एक .315 बोर राइफल, एक .12 बोर डी०बी०बी०एल० बंदूक एक .12 बोर एस० बी० बी० एल० बन्दूक, एक .32 बोर रिवाल्वर तथा ए० के० 47 के खाली सक्रिय कारतूस भी बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में श्री गोवर्धन साहु ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्य परायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 18 नवम्बर, 1991 से दिया जाएगा।

ए० के० उपाध्याय,
निदेशक

सं० 123–प्रेज 92—राष्ट्रपति केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम तथा पद

श्री अल्फुद्दीन,
कांस्टेबल,
58वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल। (मरणोपरान्त)

श्री निर्मल सिंह, (मरणोपरान्त)
कांस्टेबल,
58वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

6/7 मई 1991 के बीच की रात को आतंकवादियों के खिलाफ चलाए गये एक विशेष अभियान के एक भाग के रूप में थाना-सदर अमृतसर में विभिन्न स्थानों पर घात लगाई गई। करीब 23.45 बजे चार पांच अज्ञात व्यक्ति मोटर साईकल पर उस स्थान पर आते हुए दिखाई दिए जहां घात लगाई गई थी। घात लगाने वाले पुलिस दल ने एक टार्च द्वारा संकेत देकर उन्हें रुकने के लिए ललकारा परन्तु इन व्यक्तियों ने पुलिस दल की बात सुनने के बजाए पुलिस दल पर स्वचालित हथियारों से अंधाधुंध गोलाबारी करनी शुरू कर दी। घात दल के कमांडर ने तुरन्त अपने साथियों को गोली चलाने का आदेश दिया। कांस्टेबल अल्फुद्दीन और कांस्टेबल निर्मल सिंह सहित पुलिस घात दल ने तुरन्त गोलीबारी की परन्तु आतंकवादियों ने एक नहर की ऊंची मंडेर के पीछे अधिक सुरक्षित मोर्चा संभाल लिया और उन पर अंधाधुन्ध गोलीबारी की। दोनों ओर से गोली चलने के कारण कांस्टेबल अल्फुद्दीन और कांस्टेबल निर्मल सिंह बुरी तरह से घायल हो गये परन्तु घायल होने के बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी तथा अपनी निजी सुरक्षा की बिल्कुल परवाह किए बिना निर्बाध रूप से गोलियां करते रहे। गोलीबारी करीब आधे घन्टे तक चली और फिर रुक गई। उस समय तक सूचना प्राप्त होने पर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 36वीं बटालियन के कमांडेंट अन्य अधिकारियों और कुमुक सहित घटना स्थल पर पहुंच गये। कांस्टेबल अल्फुद्दीन और कांस्टेबल निर्मल सिंह ने घावों के कारण बाद में दम तोड़ दिया। उस क्षेत्र की पूर्ण तलाशी लेने के उपरांत एक ए० के० 47 राइफल एक संशोधित .303 राइफल एक .30 माउजर दो छह हथगोले एक हीरो होंडा मोटर साइकल एक बजाज चेतक स्कूटर और बड़ी मात्रा में गोला बारूद सहित दो शव घटनास्थल से बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री अल्फुद्दीन कांस्टेबल और निर्मल सिंह कांस्टेबल ने उत्कृष्ट वीरता साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 7 मई 1991 से दिया जायेगा।

ए० के० उपाध्याय
निदेशक

सं० 124-प्रेज/92—राष्ट्रपति केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री आर० एन० घोष
कांस्टेबल
2 बटालियन
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

दिनांक 10 सितम्बर 1991 को करीब 14.45 बजे जब श्री आर० एन० घोष अपने कमांडिंग आफिसर के साथ श्रीनगर के डाउन टाउन इलाके में स्थित इस्लामिया कालेज में ड्यूटी पर थे तो आतंकवादियों ने स्वचालित हथियारों से पुलिस की टुकड़ी पर हमला किया। श्री आर० एन० घोष कांस्टेबल ने आतंकवादियों के एक समूह को पुलिस थाना नौहट्टा के शीशबाग क्षेत्र की ओर भागते हुए देखा। श्री घोष ने तुरन्त ही मामले की सूचना अपने कमांडिंग आफिसर को दी और अपनी कम्पनी के अन्य सदस्यों के साथ बड़ी तेजी से आतंकवादियों का पीछा किया। उन्होंने कुछ सशस्त्र आतंकवादियों को शीशबाग क्षेत्र की गलियों में देखा और अपने दो साथियों के साथ आतंकवादियों का गलियों के अन्दर पीछा किया जबकि कमांडिंग अफसर के नेतृत्व में दूसरे दल ने साथ की गली में से होकर आतंकवादियों का पीछा किया और उन्हें दूसरी दिशा में घेरने की कोशिश की। पुलिस दल को तेजी से पीछा करते देखकर आतंकवादियों ने श्री आर० एन० घोष और उसके दल पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी लेकिन इससे विचलित हुए बिना श्री घोष कांस्टेबल ने अपने दल का साहसपूर्वक नेतृत्व किया और जमीन पर उपलब्ध ओट का फायदा उठाते हुए और वे अपने जीवन की परवाह न करते हुए आतंकवादियों की ओर बढ़े। श्री घोष को जो दल का नेतृत्व कर रहे थे तथा एक स्थान से दूसरे स्थान पर जा रहे थे आतंकवादियों की गोली पेट में लगी जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल होने के बावजूद श्री घोष ने बेहतर पोजीशन लेकर आतंकवादियों पर गोली चलाई और उनमें से एक को गंभीर रूप से घायल कर दिया। श्री घोष ने आतंकवादियों की ओर भारी गोलीबारी की ताकि वे नए सिरे से कोई आक्रमण न कर सकें ऐसा करते हुए श्री घोष ने अपने दल को आगे बढ़ने में मदद के लिए बचाव में गोलीबारी की और साथ ही घायल आतंकवादी को उठा ले जाने के आतंकवादियों के किन्हीं प्रयासों को रोका तथा आतंकवादियों को वहां से हिलने नहीं दिया। गंभीर रूप से घायल होने पर भी बहादुरी से सामना करने के लिए श्री आर० एन० घोष कांस्टेबल के इस साहसिक कार्य और दृढ़ निश्चय से अन्य आतंकवादियों में घबराहट फैल गई और वे भाग निकले। घायल आतंकवादी की पहचान अजार अहमद सोफी के रूप में की गई जो कई मामलों में वांछित था और जिसकी बाद में सेना अस्पताल में मृत्यु हो गई। एक ए० के० 56 राइफल दो ए० के० 56 मैगजीन और 30 राउन्ड सोफी से बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में श्री आर० एन० घोष कांस्टेबल ने उत्कृष्ट वीरता साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5

के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 10 सितम्बर 1991 से दिया जाएगा।

ग० के० उपाध्याय
निदेशक

लोक सभा सचिवालय
(विषय समिति शाखा)

नई दिल्ली-110001 दिनांक 26 अगस्त 1992

सं० 6/3(ii) एसटीसी/92 श्री एस एस अहलुवालिया के राज्य सभा के लिए पुन : संसद सदस्य निर्वाचित होने पर उन्हें 20 अगस्त, 1992 से विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी संबंधी समिति (1991-92) का पुन: सदस्य नामनिर्दिष्ट किया गया है।

2. कुमारी सईदा खातून और डा० राजा रमन्ना के राज्य सभा की सदस्यता से निवृत्त होने पर उनके स्थान पर श्री एस० जयपाल रेड्डी, संसद सदस्य और डा० मुरली मनोहर जोशी, संसद सदस्य को 20 अगस्त, 1992 से विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी संबंधी समिति का सदस्य नामनिर्दिष्ट किया गया है।

हरिपाल सिंह, अवर सचिव

पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मन्त्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 17 अगस्त, 1992

आदेश

विषय : तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग को आर–28 (बम्बई अपतटीय) क्षेत्र के 260 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र के लिए पैट्रोलियम अन्वेषण लाइसेंस की स्वीकृति।

सं० ओ–12012/70/90–ओ० एन० जी० डी०-4— पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियम, 1959 के नियम 5 के उप नियम (1) खंड (i) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग, तेल भवन, देहरादून को (जिसे इसके पश्चात् आयोग कहा गया है) आर–28 (बम्बई अपतटीय) क्षेत्र के 260 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में पैट्रोलियम मिलने की संभावना हेतु एक पैट्रोलियम अन्वेषण लाइसेंस की 17–11–1990 से 4 वर्ष के लिए स्वीकृति देती है। इसके विवरण इसके साथ संलग्न अनुसूची "क" में दिए गए हैं।

लाइसेंस की स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों पर है :—

(क) अन्वेषण लाइसेंस पैट्रोलियम के संबंध में होगा।

(ख) यदि अन्वेषण कार्य के दौरान कोई अन्य खनिज पदार्थ पाये गये तो आयोग पूर्ण ब्यौरे के साथ उसकी सूचना केन्द्रीय सरकार को देगा।

(ग) स्वत्व शुल्क (रायल्टी) निम्नलिखित दरों पर ली जाएगी :—

(i) समस्त अशोधित तेल तथा केसिंग हैड कन्डेन्सेट पर 314 रुपये प्रति मीट्रिक टन या ऐसी दर जो समय-समय पर केन्द्रीय सरकार द्वारा निर्धारित की जाएगी।

(ii) प्राकृतिक गैस के संबंध में ये दरें केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित दर के अनुसार होंगी।

स्वत्व शुल्क (रायल्टी) की अदायगी, पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, नई दिल्ली के वेतन तथा लेखा अधिकारी को की जायेगी।

(घ) आयोग लाइसेंस के अनुसरण में प्रत्येक माह के 30 दिनों में गत माह से प्राप्त समस्त अशोधित तेल की मात्रा, केसिंग हैड कन्डेन्सेट और प्राकृतिक गैस की मात्रा तथा उसका उचित मूल्य दर्शाने वाला एक पूर्ण तथा उचित विवरण केन्द्रीय सरकार को भेजेगा। यह विवरण संलग्न अनुसूची "ख" में दिए गए प्रपत्र में भर कर देना होगा।

(ङ) पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियम, 1959 के नियम 11 की अपेक्षाओं के अनुसार आयोग 50,000/– रुपये की धनराशि प्रतिभूति के रूप में जमा करेगा।

(च) आयोग प्रति वर्ष लाइसेंस के संबंध में एक शुल्क का भुगतान करेगा जिसकी संगणना प्रत्येक वर्ग किलो-मीटर या उसके किसी अंश के लिए जिसका लाइसेंस में उल्लेख किया गया होगा, निम्नलिखित दरों पर की जायेगी :–

(1) लाइसेंस के प्रथम वर्ष के लिए 8/– रु०

(2) लाइसेंस के द्वितीय वर्ष के लिए 40/– रु०

(3) लाइसेंस के तृतीय वर्ष के लिए 200/– रु०

(4) लाइसेंस के चतुर्थ वर्ष के लिए 400/–रु०

(5) लाइसेंस के नवीनीकरण के प्रथम और द्वितीय वर्ष के लिए—600/– रु०

(छ) आयोग को पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियम, 1959 के नियम 11 के उप नियम (3) की अपेक्षाओं के अनुसार अन्वेषण लाइसेंस में उल्लिखित किसी क्षेत्र के किसी भाग को छोड़ देने की स्वतंत्रता, सरकार को दो माह की लिखित नोटिस देने के बाद होगी ।

(ज) आयोग केन्द्रीय सरकार को मांग किए जाने पर तत्काल तेल तथा प्राकृतिक गैस अन्वेषण के दौरान पाये गये खनिज पदार्थों के संबंध में भूवैज्ञानिक आंकड़ों के बारे में एक पूर्ण रिपोर्ट गुप्त रूप से लेगा तथा हर 6 महीनों में निश्चित रूप से केन्द्रीय सरकार को समस्त परिचालनों, व्यधन तथा अन्वेषण कार्यों के परिणामों के बारे में सूचना देगा ।

(झ) आयोग समुद्र की "तलछटी" और उसकी सतह पर आग बुझाने संबंधी निवारक उपायों की व्यवस्था करेगा तथा आग बुझाने हेतु हर समय के लिए उपकरण, सामान तथा साधन बनाये रखेगा और तीसरी पार्टी और/या सरकार को उतना मुआवजा देगा जितना आग लगने से हुई हानि के बारे में निर्धारित किया जाएगा ।

(ञ) इस अन्वेषण लाइसेंस पर तेल क्षेत्र (विनियम और विकास) अधिनियम, 1948 (1948 का 53) पर पैट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस नियम, 1959 के उपबंध लागू होंगे ।

(ट) पैट्रोलियम अन्वेषण लाइसेंस के बारे में आयोग केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित एक ऐसे फार्म पर दस्तावेज भर कर देगा जो अपतटीय क्षेत्रों के लिए व्यवहार्य होगा ।

(ठ) आयोग खदाई अन्वेषी आपरेशनों/सर्वेक्षणों के दौरान एकत्र किए गये बाथीमीट्रिक सतही नमूने, धारा और चुम्बकीय आंकड़े यथा सामान्य रूप से रक्षा मंत्रालय, नौसेना मुख्यालय को प्रस्तुत करेगा ।

(ड) आयोग समुद्री विज्ञान आंकड़ों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा ।

(ढ) सम्पूर्ण आंकड़े भारत में संकलित किये जाते हैं ।

(ण) यदि विदेशी जलपोत को सर्वेक्षण पर लगाया जाता है तो सर्वेक्षण करने से पूर्व उनका भारतीय नौसेना विशेषज्ञ अधिकारी दल द्वारा नौसेना सुरक्षा निरीक्षण किया जायेगा । भारत में ऐसे जलपोतों के आने के बारे में कम से कम एक माह पूर्व नोटिस दिया जाना चाहिए ताकि निरीक्षण दल की प्रतिनियुक्ति में सुविधा हो ।

(त) इस संबंध में आयोग द्वारा समुद्र विज्ञान संबंधी आंकड़ों की तैयार की गई सम्पूर्ण प्रति नौसेना मुख्यालय तथा हाइड्रोग्राफर को निशुल्क उपलब्ध करायी जाती है ।

आर-28 (बम्बई अपतटीय) क्षेत्र के लिए 260 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र का भौगोलिक निर्देशांक ।

प्वाइंट	अक्षान्तर	देशान्तर
जी–7	17° 46″ 00″	72° 26″ 24.6″
एल	17° 46″ 00″	72° 32″ 47.0″
एम	17° 35″ 00″	72° 32″ 47.0″
एन	17° 35″ 00″	72° 25″ 22.0″
ओ	17° 45″ 00″	72° 25″ 32.0″
पी	17° 45″ 00″	72° 26″ 30.8″

अनुसूची—"ख"

अशोधित तेल, केसिंग कन्डेन्सेट तथा प्राकृतिक गैस के उत्पादन तथा उसके मूल्य सहित मासिक विवरण के लिए पेट्रोलियम अन्वेषण लाइसेंस

क्षेत्रफल

माह तथा वर्ष

(क) अशोधित तेल

कुल प्राप्त मी० टन की सं०	अपरिहार्य रूप से खोये अथवा प्राकृतिक जलाशय को लौटाये मी० टन की सं०	केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित पेट्रोलियम अन्वेषण कार्य हेतु प्रयोग किये गये मी० टनों की सं०	कालम 2 और 3 को घटाकर प्राप्त मी० टन की संख्या	टिप्पणी
1	2	3	4	5

(ख) केसिंग हैड कन्डेन्सेट

प्राप्त किये गये कुल मी० टन की संख्या	अपरिहार्य रूप से खोये अथवा प्राकृतिक जलाशय को लौटाये मी० टन की संख्या	केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित पेट्रोलियम अन्वेषण कार्य हेतु प्रयोग किये गये मी० टनों की सं०	कालम 2 और 3 को घटाकर प्राप्त मी० टन की संख्या	टिप्पणी
1	2	3	4	5

(ग) प्राकृतिक गैस

कुल प्राप्त घन मीटरों की सं०	अपरिहार्य रूप से खोये अथवा प्राकृतिक जलाशय को लौटाये गए घन मीटरों की संख्या	केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित पेट्रोलियम अन्वेषण कार्य हेतु प्रयोग किये गये घन मीटरों की संख्या	कालम 2 और 3 को घटाकर प्राप्त घन मीटरों की संख्या	टिप्पणी
1	2	3	4	5

एतद्द्वारा मैं श्री .... सत्य निष्ठापूर्वक घोषणा एवं पुष्टि करता हूं कि इस विवरण में दी गई सूचना पूर्ण रूपेण सत्य और सही है, उसे सही समझते हुए मैं शुद्ध अन्तःकरण से सत्यनिष्ठा से यह घोषणा करता हूं।

हस्ताक्षर————

एम० मार्टिन

डैस्क अधिकारी

भारत के राष्ट्रपति के आदेश से तथा उनके नाम पर।

आदेश

विषय : तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग को आर–74 (बम्बई अपतटीय) क्षेत्र के 120 वर्ग किलो-मीटर क्षेत्र के लिए पेट्रोलियम अन्वेषण लाइसेंस की स्वीकृति ।

सं० ओ–12012/71/90–ओ० एन० जी० डी–4—पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियम 1959 के नियम 5 के उपनियम (i) के खंड (i) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग, तेल भवन, देहरादून (जिसे इसके पश्चात् आयोग कहा गया है) आर-74 (बम्बई अपतटीय) क्षेत्र के 120 वर्ग किलो० मी० क्षेत्र में पेट्रोलियम मिलने की संभावना हेतु एक पेट्रोलियम अन्वेषण लाइसेंस की 17 नवम्बर, 1990 (17–11–1990) से चार (4) वर्ष के लिए स्वीकृति देती है । इसके विवरण इसके साथ संलग्न अनुसूची "क" में दिए गये हैं ।

लाइसेंस की स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों पर है :—

(क) अन्वेषण लाइसेंस पेट्रोलियम के संबंध में होगा ।

(ख) यदि अन्वेषण कार्य के दौरान कोई अन्य खनिज पदार्थ पाये गए तो आयोग पूर्ण ब्यौरे के साथ उसकी सूचना केन्द्रीय सरकार को देगा ।

(ग) स्वत्व शुल्क (रायल्टी) निम्नलिखित दरों पर ली जाएगी :—

(i) समस्त अशोधित तेल तथा केसिंग हैड कन्डेन्सेट पर 314 रुपये प्रति मीट्रिक टन या ऐसी दर पर जो समय-समय पर केन्द्रीय सरकार द्वारा निर्धारित की जाएगी ।

(ii) प्राकृतिक गैस के संबंध में ये दरें केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित दर के अनुसार होंगी ।

स्वत्व शुल्क (रायल्टी) की अदायगी पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मन्त्रालय, नई दिल्ली के वेतन तथा लेखा अधिकारी को की जाएगी ।

(घ) आयोग लाइसेंस के अनुसरण में प्रयेत्क माह के प्रथम 30 दिनों में गत माह से प्राप्त समस्त अशोधित तेल की मात्रा, केसिंग हड कन्डेन्सेट और प्राकृतिक गैस की मात्रा तथा उसका उचित मूल्य दर्शाने वाला एक पूर्ण तथा उचित विवरण केन्द्रीय सरकार को भेजेगा । यह विवरण संलग्न अनुसूची "ख" में दिए गए प्रपत्र में भर कर देना होगा ।

(ङ) पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियम, 1959 के नियम 11 की अपेक्षाओं के अनुसार आयोग 50,000/– रुपये की धनराशि प्रतिभूति के रूप में जमा करेगा ।

(च) आयोग प्रति वर्ष लाइसेंस के संबंध में एक शुल्क का भुगतान करेगा जिसकी संगणना प्रत्येक वर्ग किलोमीटर या उसके किसी अंश के लिए जिसका लाइसेंस में उल्लेख किया गया होगा, निम्नलिखित दरों पर की जायेगी :—

1. लाइसेंस के प्रथम वर्ष के लिए	8/– रुपये
2. लाइसेंस के द्वितीय वर्ष के लिए	40/– रुपये
3. लाइसेंस के तृतीय वर्ष के लिए	200/– रुपये
4. लाइसेंस के चतुर्थ वर्ष के लिए	400/– रुपये

5. लाइसेंस के नवीनीकरण के प्रथम और द्वितीय वर्ष के लिए 600/– रुपये ।

(छ) आयोग को पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियम 1959 के नियम 11 के उपनियम (3) की अपेक्षाओं के अनुसार अन्वेषण लाइसेंस में उल्लिखित किसी क्षेत्र के किसी भाग को छोड़ देने की स्वतंत्रता, सरकार को दो माह की लिखित नोटिस देने के बाद होगी ।

(ज) आयोग केन्द्रीय सरकार को मांग किये जाने पर तत्काल तेल तथा प्राकृतिक गैस अन्वेषण के

दौरान पाये गए समस्त खनिज पदार्थों के संबंध में भूवैज्ञानिक आंकड़ों के बारे में एक पूर्ण रिपोर्ट गुप्त रूप से लेगा तथा हर 6 महीनों में निश्चित रूप से केन्द्रीय सरकार को समस्त परिचालनों, व्यंक्षन तथा अन्वेषण कार्यों के परिणामों के बारे में सूचना देगा ।

(झ) आयोग समुद्र की "तलछटी" और या उसकी सतह पर आग बुझाने संबंधी निवारक उपायों की व्यवस्था करेगा तथा आग बुझाने हेतु हर समय के लिए उपकरण, सामान तथा साधन बनाये रखेगा और तीसरी पार्टी और या सरकार को उतना मुआयजा देगा जितना आग लगने से हुई हानि के बारे में निर्धारित किया जायेगा ।

(ञ) इस अन्वेषण लाइसेंस पर तेल क्षेत्र (विनिमय और विकास) अधिनियम 1948 (1948 का 53) पर पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस नियम, 1959 के उपबंध लागू होंगे ।

(ट) पेट्रोलियम अन्वेषण लाइसेंस के बारे में आयोग केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित एक ऐसे फार्म पर दस्तावेज भर कर देगा जो अपतटीय क्षेत्रों के लिए व्यवहार्य होगा ।

(ठ) आयोग खुदाई/अन्वेषी आपरेशनों/सर्वेक्षणों के दौरान एकत्र किए गए बाथीमीट्रिक सतही नमूने, धारा और चुम्बकीय आंकड़े यथा सामान्य रूप से रक्षा मन्त्रालय, नौसेना मुख्यालय को प्रस्तुत करेगा ।

(ड) आयोग समुद्री विज्ञान आंकड़ों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा ।

(ढ) सम्पूर्ण आंकड़े भारत में संकलित किए जाते हैं ।

(ण) यदि विदेशी जलपोत को सर्वेक्षण पर लगाया जाता है तो सर्वेक्षण करने से पूर्व उनका भारतीय नौसेना विशेषज्ञ अधिकारी दल द्वारा नौसेना सुरक्षा निरीक्षण किया जायेगा । भारत में ऐसे जलपोतों के आने के बारे में कम से कम एक माह पूर्व नोटिस दिया जाना चाहिए ताकि निरीक्षण दल की प्रतिनियुक्ति में सुविधा हो ।

(त) इस संबंध में आयोग द्वारा समुद्र विज्ञान संबंधी आंकड़ों की तैयार की गई सम्पूर्ण प्रति नौसेना मुख्यालय तथा मुख्य हाइड्रोग्राफर को निशुल्क उपलब्ध करायी जाती है ।

अनुसूची "क"

ओर-74 (बम्बई अपतटीय) क्षेत्र के लिए 120 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र का भौगोलिक निर्देशांक ।

प्वाइंट	अक्षांतर	देशांतर
ए'	17° 50" 00"	72° 18" 56.17"
जी–3	17° 50" 00"	72° 26" 00.00"
बी'	17° 45" 00"	72° 46" 30.84"
सी'	17° 45" 00"	72° 18" 56.17"

अनुसूची "ख"

अशोधित तेल, केसिंग हैड कन्डेन्सेट तथा प्राकृतिक गैस के उत्पादन तथा उसके मूल्य सहित मासिक वितरण के लिए पेट्रोलियम अन्वेषण लाइसेंस

क्षेत्रफल

माह तथा वर्ष

(क) अशोधित तेल

कुल प्राप्त मी० टन की संख्या	अपरिहार्य रूप से खोये अथवा प्राकृतिक जलाशय को लौटाये मी० टन की सं०	केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित पेट्रोलियम अन्वेषण कार्य हेतु प्रयोग किये गये मी० टनों की संख्या	कालम 2 और 3 को घटाकर प्राप्त मी० टन की संख्या	टिप्पणी
1	2	3	4	5

(ख) केसिंग हैड कन्डेन्सेट

प्राप्त किये गये कुल मी० टन की संख्या	अपरिहार्य रूप से खोये अथवा प्राकृतिक जलाशय को लौटाये मी० टन की संख्या	केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित पेट्रोलियम अन्वेषण कार्य हेतु प्रयोग किये गये मी० टनों की सं०	कालम 2 और 3 को घटाकर प्राप्त मी० टन की संख्या	टिप्पणी
1	2	3	4	5

(ग) प्राकृतिक गैस

कुल प्राप्त घन मीटरों की सं०	अपरिहार्य रूप से खोये अथवा प्राकृतिक जलाशय को लौटाये गये घन मीटरों की संख्या	केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित पेट्रोलियम अन्वेषण कार्य हेतु प्रयोग किये गये घन मीटरों की संख्या	कालम 2 और 3 को घटाकर प्राप्त घन मीटरों की संख्या	टिप्पणी
1	2	3	4	5

एतद्द्वारा मैं श्री ..... सत्य निष्ठापूर्वक घोषणा एवं पुष्टि करता हूं कि इस विवरण में दी गई सूचना पूर्ण रूपेण सत्य और सही है, उसे यही समझते हुए मैं शुद्ध अन्तःकरण से सत्यनिष्ठा से यह घोषणा करता हूं।

हस्ताक्षर .....

भारत के राष्ट्रपति के आदेश से तथा उनके नाम पर।

एम० मार्टिन
डेस्क अधिकारी

कृषि मन्त्रालय

(कृषि और सहकारिता विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 26 अगस्त, 1992

संकल्प

सं० 4-23/84-मशीनरी (आई एंड पी)-वौल्यूम 2—भारत सरकार, कृषि और सहकारिता विभाग के दिनांक 1 नवम्बर, 1990 के समसंख्यक संकल्प के क्रम में, श्री गोपाल सिंह खण्डेला, विधायक, ग्राम खण्डेला, जिला सीकर, राजस्थान को भी केन्द्रीय कृषि मशीनरी तथा उपकरण विकास परिषद में गैर-सरकारी सदस्य के वर्ग में नियुक्त करती है। उन्हे इस आदेश के जारी होने की तिथि से तीन वर्षों की अवधि के लिए नियुक्त किया गया है।

श्री खण्डेला को दिए जाने वाले सवारी भत्ते सहित यात्रा भत्ते तथा दैनिक भत्ते का भुगतान राज्य सरकार के यात्रा भत्ता के नियमों के अन्तर्गत विनियमित किया जायेगा तथा राज्य विधान सभा का सत्र न चलने की अवधि के दौरान उन्हें प्रथम वर्ग अधिकारी के रूप में माना जायेगा। राज्य विधान सभा के सत्र के दौरान उन पर वेतन और भत्तों का भुगतान तथा अपात्रता निराकरण अधिनियम लागू होंगे। वह वे यात्रा भत्ता तथा दैनिक भत्ता (सवारी भत्ता सहित) नहीं लेंगे जो उन्हें राज्य विधान सभा से अपात्र कर दे।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक-एक प्रति सभी राज्य सरकारों, संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासकों तथा भारत सरकार के मंत्रालयों, विभागों, योजना आयोग, मंत्री-मंडल सचिवालय, प्रधान मंत्री सचिवालय, लोक सभा सचिवालय तथा राज्य सभा सचिवालय को भेजी जाए।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को जन-सामान्य की जानकारी के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

मालती एस० सिन्हा
संयुक्त सचिव

ग्रामीण विकास मन्त्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 27 अगस्त, 1992

संकल्प

सं० 16018/2/91-एम-II—विद्यमान राज्य विपणन अधिनियमों और विभिन्न कृषि विपणन निकायों की कार्य-प्रणाली की समीक्षा करने और कृषि उपज के विपणन ढांचे को कारगर तथा सुदृढ़ बनाने हेतु उपयुक्त उपायों की सिफारिश करने के लिए एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति गठित की गई थी। समिति को अपनी रिपोर्ट 3 महीनों की अवधि के अन्दर अर्थात् 14 जून, 1992 तक प्रस्तुत करनी थी। दिनांक 18 जून, 1992 के समसंख्यक संकल्प के द्वारा समिति का कार्यकाल 14 अगस्त, 1992 तक बढ़ा दिया गया था।

समिति कृषि विपणन से संबंधित विभिन्न मुद्दों जैसा कि इसके विचारार्थ विषयों में उल्लेख किया गया है, की जांच कर चुकी है लेकिन यह अपनी अन्तिम रिपोर्ट निर्धारित अवधि में प्रस्तुत नहीं कर सकी है।

अतः यह निर्णय लिया गया है कि समिति का कार्य-काल और एक मास की अवधि अर्थात् 13 सितम्बर, 1992 तक बढ़ा दिया जाए।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक प्रति सभी संबंधितों को भेज दी जाए और इसे आम सूचना हेतु भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

पुरुषोत्तम लाल,
उप सचिव

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

(शिक्षा विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 26 अगस्त, 1992

सं० एफ० 10-5/92-यू० 5—भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली की नियमावली और संघ ज्ञापन के नियम 3 और 6 के अन्तर्गत, भारत सरकार निम्नलिखित सामाजिक वैज्ञानिकों को प्रत्येक के सामने दर्शाई गई अवधि तक तत्काल परिषद् का सदस्य मनोनीत करती है :—

1. प्रो० सी० टी० कुरियन — 31 मार्च, 1995
भूतपूर्व निदेशक,
मद्रास विकास अध्ययन संस्थान,
मद्रास,
79, सेकिन्ड मेन रोड़,
गांधी नगर, अदयार,
मद्रास-600020।

2. प्रो० अन्द्रे बेटेइल्ले — 31 मार्च, 1995
समाज शास्त्र विभाग,
दिल्ली विश्वविद्यालय,
दिल्ली-110007।

3. डा० एम० जुबेरी — 31 मार्च 1995
अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति केन्द्र,
जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय
न्यू महरौली रोड़,
नई दिल्ली-110067।

4. श्री रन्धीर सिंह, 31 मार्च, 1995
राजनीति सिद्धांत के प्रोफेसर
(अवकाश प्राप्त),
दिल्ली विश्वविद्यालय,
52, हेमकुंट कालोनी
नई दिल्ली–110048।

5. प्रो० इन्द्र देव, 31 मार्च, 1995
अध्यक्ष,
समाज शास्त्र विभाग,
रायपुर (म० प्र०)–492010।

6. प्रो० अरूण घोष,
भूतपूर्व सदस्य, 31 मार्च, 1995
योजना आयोग,
78, एस० एफ० एस०
मुनिरका एन्कलेव,
नई दिल्ली–110067।

7. डा० आर० सी० शर्मा, 31 मार्च, 1993
महानिदेशक,
राष्ट्रीय संग्रहालय,
नई दिल्ली–110011।

सरतचन्द्रन
सहायक शिक्षा सलाहकार

अपारंपरिक ऊर्जा स्रोत मन्त्रालय

नई दिल्ली–110003, दिनांक 26 अगस्त, 1992

संकल्प

सं० 11015(6)/89–हिन्दी—तत्कालीन ऊर्जा मंत्रालय (अपारंपरिक ऊर्जा स्रोत विभाग) के संकल्प सं० 11015(6)/89–हिन्दी दिनांक 8 नवम्बर, 1990 के साथ पठित तत्कालीन अपारंपरिक ऊर्जा स्रोत विभाग के दिनांक 16 अप्रैल, 1992 के समसंख्यक संकल्प में आंशिक संशोधन करते हुए उसमें उल्लिखित हिन्दी सलाहकार समिति के गठन में क्रम सं० 10 पर की गई प्रविष्टि के स्थान पर निम्नलिखित प्रविष्टि एतदद्वारा प्रतिस्थापित की जाती है :—

"10. श्री वे० शेषन, 341, डी० डी० ए० एम० एम० एफ०, हौजखास, नई दिल्ली–110016"।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस प्रस्ताव की प्रति समिति के सभी सदस्यों, सभी राज्य सरकारों, और संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों, राष्ट्रपति सचिवालय, प्रधान मंत्री कार्यालय, मंत्रीमंडल सचिवालय, संसदीय कार्य मंत्रालय, लोकसभा सचिवालय, राज्यसभा सचिवालय, भारत के नियंत्रक तथा महालेखा परीक्षक, महालेखाकार, वाणिज्य, निर्माण और विविध, योजना आयोग और भारत सरकार के सभी मंत्रालयों तथा विभागों को भेजी जाए।

यह भी आदेश दिया जाता है कि संकल्प को सर्व-साधारण की जानकारी के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

कृष्ण कुमार जोशी
संयुक्त सचिव

श्रम मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 25 अगस्त 1992

सं. क्यू-16012/2/89-ई. एस. ए. (डब्ल्यू. ई.).—केन्द्रीय श्रमिक शिक्षा बोर्ड के नियमों तथा विनियमों के नियम 3(6) के अनुसरण में भारत सरकार एतद्द्वारा कर्नाटक सरकार के सचिव (श्रम विभाग) के स्थान पर गोवा सरकार के सचिव (श्रम विभाग) को इस अधिसूचना के जारी होने की तारीख से दो वर्ष की अवधि के लिए केन्द्रीय श्रमिक शिक्षा बोर्ड के एक सदस्य के रूप में नियुक्त करती है।

2. भारत के राजपत्र भाग-1, खण्ड-1 में प्रकाशित श्रम मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना संख्या क्यू.-16012/2/89-ई. एस. ए. (डब्ल्यू. ई.) तारीख 25 जून, 1990 में निम्नलिखित परिवर्तन किये जायेंगे :—

वर्तमान प्रविष्टि के स्थान पर अर्थात्:—

"6. सचिव, कर्नाटक सरकार,
समाज कल्याण एवं श्रम विभाग,
बंगलौर, कर्नाटक।"

निम्नलिखित प्रविष्टि प्रतिस्थापित की जाएगी अर्थात् :—

"6. सचिव,
गोवा सरकार, श्रम विभाग,
सचिवालय सौध,
ई. डी. सी. हाउस, पणजी, गोवा।"

लालफाक अजाना, संयुक्त सचिव

PRESIDENT'S SECRETARIAT

New Delhi, the 12th September 1992

No. 108-Press/92—The President is pleased to award the President's Police Medal for gallantry to the undermantioned officer of the Border Security Fors

Name and Rank of the Officer

Shri Satya Narayan Saha,
Naik, 127 Battalion,
Border Security Force.

Statement of services for which the decoration has been awarded :—

On 19-1-91 at about 1430 hours, 'B' Company of 127 Battalion, BSF, located at Sugar mill, Zira was requisitioned by Supdt. of Police, Zira for joint coming/search operation near village Nihalka, P. S. Makhu, Distt. Ferozepur. As the Company reached near the place of operation, heavy volume of fire started coming from two farm houses on BSF party. Naik Satya Narayan Saha was a member of one of the search parties. In order to reach near the entrance gate of farm house, inspite of heavy volume of fire coming from the front side, Naik Saha out of sheer gate managed to cross up to one of the militants, who was firing heavy volume of bursts with his automatic rifle on the search party. The volumes of fire was so interest that the entire search party had to take position on the ground. In order to neutralise the firing of the militants, 3 Light machine guns were placed at different directions to provide covering fire to the advancing search parties.

Naik Saha, without caring for his personal safety, literally pounced on the militant and grabbed the barrel of the rifle with a view to snatch it from the militant which resulted in severe burn injuries on both palm of Naik Saha. During the scuffls, Naik Saha received one bad injury on his left arm above the elbow. Inspite of heavy bleeding and hands badly bruised, Naik Saha managed to hit on the privats part of the militant with his boot ankle and snatched his AK-47 rifls. One Sub-Inspector, who was engaged in giving covering fire to the search party killed the extremist on the spot.

Naik Saha who was injured during the encounter was trapped inside the farm house was evacuated by the other search parties and rushed to hospital after giving first aid.

